बुधवार, 2 अप्रैल 2025

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 37 – 25 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 5:29 | सूर्यास्त: 17:52 |



माँ कूष्मांडा

–पृष्ठ 2

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** मतलब बहुत वजनदार होता है, निकल जाने के बाद हर रिश्ते को हल्का कर देता है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में आज 12 बजे होगा पेश

**8 घंटे चर्चा होगी, भाजपा, कांग्रेस, जेडीयू, टीडीपी ने व्हिप जारी किया**

**वक्फ संशोधन बिल पर केंद्र के सपोर्ट में आई जेडीयू-टीडीपी**

**एनडीए के पास लोकसभा में बहुमत, राज्यसभा में मामूली बढ़त**

**विधेयक पर चर्चा से पहले दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा कड़ी की**




**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बुधवार को लोकसभा में बहुप्रतीक्षित वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पेश करेगी। इस पर आठ घंटे की चर्चा के बाद वोटिंग होगी। इससे पहले इस बिल को संसदीय समिति के पास भेजा गया था। समिति ने बिल में कई संशोधन सुझाएं हैं। इन सुझावों को कैबिनेट से मंजूरी मिली गई है। अब बिल पेश होने के बाद इसके फाइनल स्वरूप का पता चलेगा। विपक्षी दल इस बिल का पुरजोर तरीके से विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे सरकार मुस्लिमों की दान की संपत्ति पर कब्जा करना चाहती है। वहीं सरकार का कहना है कि वक्फ बोर्ड की लाखों एकड़ की जमीन और अरबों रुपये की संपत्ति के बेहतर प्रबंधन और उसका गरीब और पिछड़े मुस्लिम समुदाय के कल्याण में इस्तेमाल के लिए इस विधेयक को कानूनी शक्ल देना जरूरी है।

### लोकसभा में एनडीए की स्थिति

लोकसभा की कुल सीटें 543 हैं। इसमें बहुमत के लिए 272 सांसदों का समर्थन चाहिए। एनडीए के पास अभी 293 सांसद हैं, जिसमें बीजेपी के 240 सांसद शामिल हैं। इसके अलावा जेडीयू के 12, टीडीपी के 16, एलजेपी के 5, शिवसेना (शिंदे गुट) के 7 और अन्य छोटे सहयोगियों के सदस्य शामिल हैं। यह संख्या बहुमत से 21 ज्यादा है।

## संयुक्त रणनीति बनाने के लिए 'इंडिया' गठबंधन ने की बैठक

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' ने मंगलवार को एकजुटता दिखाते हुए संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक का विरोध करने के लिए संयुक्त रणनीति पर चर्चा की। इस विधेयक को चर्चा और पारित कराने के लिए पहले लोकसभा में लाया जाएगा। विपक्षी दलों ने संसद भवन में बैठक की, जिसमें इस विवादास्पद विधेयक को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और केसी वेणुगोपाल, समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव, राकांपा नेता सुप्रिया सुले, तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी और आप के संजय सिंह शामिल हुए।

जेडीयू और टीडीपी जैसे बड़े सहयोगियों ने बिल का समर्थन करने का संकेत दिया है। इससे लोकसभा में इसे पास कराना एनडीए के लिए आसान लग रहा है। हालांकि, विपक्षी दल जैसे कांग्रेस, सपा, टीएमसी और एआईएमआईएम इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। लेकिन इनकी कुल संख्या 250 से कम है।

### बिल पास करने के लिए जरूरी संख्या

वक्फ संशोधन बिल एक सामान्य विधेयक है, जिसे पास करने के लिए दोनों सदनों में साधारण बहुमत (उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों का आधे से ज्यादा) चाहिए। लोकसभा में 543 सदस्यों के साथ, अगर सभी मौजूद हों, तो 272 वोट चाहिए। लेकिन मतदान के दौरान संख्या कम हो सकती है, जिससे जरूरी वोटों की संख्या भी घट सकती है। एनडीए के 293 सांसदों के साथ यह लक्ष्य आसानी से हासिल हो सकता है। राज्यसभा में 234 की प्रभावी संख्या के साथ, कम से कम 118 वोट चाहिए। एनडीए के पास 119 हैं, लेकिन यह संतुलन नाजुक है। बीजेडी (7 सांसद) और वाईएसआरसीपी (9 सांसद) जैसे गैर-गठबंधन दलों का रुख अभी अस्पष्ट है। अगर ये विपक्ष के साथ गए, तो एनडीए को मुश्किल हो सकती है।

## गुजरात के बनासकांठा में पटाखा गोदाम में आग लगने से 21 लोगों की मौत, छह अन्य घायल

**जांच के लिए एसआईटी गठित**



**पालनपुर (गुजरात) :** गुजरात के बनासकांठा जिले में मंगलवार को एक पटाखा गोदाम में विस्फोट के बाद आग लगने और इमारत के कुछ हिस्से के ढहने की घटना में 21 लोगों की मौत हो गयी जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना सुबह करीब नौ बजकर 45 मिनट पर डीसा कस्बे के पास स्थित गोदाम में हुई, जहां अवैया रूप से पटाखों का भंडारण किया गया था और उसका निर्माण किया जा रहा था । जिला कलेक्टर मिहिर पटेल ने बताया, सभी मृतक मूल रूप से मध्यप्रदेश के हरता जिले के हलिया गांव के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि मजदूरों के शरीर के अंग 200-300 मीटर दूर तक उड़ गए और इमारत की स्लैब ढह गई। यहां तक कि उसी परिसर में रहने वाले मजदूरों के परिवार के सदस्य भी स्लैब के ब्लॉक गिरने से दबकर मर गए। मंत्री ऋषिकेश पटेल ने संवाददाताओं को बताया कि बचाव कार्य के लिए सात अग्निशमन दल, आठ एम्बुलेंस, एक राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) टीम और चार बुलडोजर घटनास्थल पर भेजे गए। पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाना ने आज बताया इस घटना में 21 लोगों की मौत हो गई तथा भीषण विस्फोट के बाद इमारत का स्लैब गिर जाने से छह अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक टीम विस्फोट के कारण का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं। मकवाना ने कहा कि दीपक ट्रेडर्स नामक इस इमारत का स्वामित्व पिता-पुत्र दीपक मोहनानी और खूबचंद मोहनानी के पास था। उन्होंने कहा, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि वे अवैध रूप से पटाखे जमा कर रहे थे। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और जांच के लिए पांच टीमें गठित कर दी हैं। पुलिस उप-ाधीक्षक स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) भी गठित किया गया है।

## महादेव सट्टेबाजी घोटाले के कथित 'लाभार्थियों' में से एक हैं बघेल: सीबीआई प्राथमिकी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कथित तौर पर महादेव सट्टेबाजी घोटाले के लाभार्थियों में से एक थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ईडी की यह रिपोर्ट अब सीबीआई की प्राथमिकी का हिस्सा है। सीबीआई ने छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की प्राथमिकी को भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश), धोखाधड़ी (420) और छत्तीसगढ़ जुआ (निषेध) अधिनियम के तहत अपने मामले के रूप में फिर से पंजीकृत किया है। प्राथमिकी में बघेल को 19 नामजद आरोपियों में से छठे नंबर के आरोपी के तौर पर सूचीबद्ध किया गया है। बघेल ने आरोपों से इनकार किया है और सीबीआई की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पिछले साल 18 दिसंबर को प्राथमिकी दर्ज की थी और 26 मार्च को बघेल के आवास पर छापेमारी की थी। प्राथमिकी मंगलवार को सार्वजनिक की गई।

## स्वयंभू पादरी बजिंदर सिंह को 2018 के बलात्कार मामले में आजीवन कारावास की सजा



**चंडीगढ़ :** पंजाब के मोहाली की एक अदालत ने मंगलवार को स्वयंभू पादरी बजिंदर सिंह को 2018 के बलात्कार के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई और कहा कि सिंह ने पादरी के तौर पर अपने पद का दुरुपयोग कर जघन्य अपराध किया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीएसजे) विक्रांत कुमार की अदालत ने 28 मार्च को सिंह के दोषी पाए जाने के बाद यह फैसला सुनाया। सिंह को अक्सर 'यीशु-यीशु पैगंबर' कहकर भी संबोधित किया जाता था। सिंह को भारतीय दंड संहिता की धाराओं 376 (बलात्कार), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने की सजा) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत दोषी ठहराया गया, जबकि मामले में पांच अन्य आरोपियों अखबार भट्टी, राजेश चौधरी, जतिंदर कुमार, सितार अली और संदीप पहलवान को बरी कर दिया गया। भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) (न) के अनुसार, दोषी को आजीवन कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी, जिसका अर्थ है कि उसे अपने शेष जीवन कारावास में व्यतीत करना होगा।

## जीएसटी संग्रह मार्च में 10 प्रतिशत बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये पर, अबतक दूसरा सर्वाधिक आंकड़ा

**नयी दिल्ली :** सकल जीएसटी संग्रह मार्च में 9.9 प्रतिशत बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जो अब तक का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह है। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। घरेलू लेनदेन से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 8.8 प्रतिशत बढ़कर 1.49 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 13.56 प्रतिशत बढ़कर 46,919 करोड़ रुपये रहा। सकल संग्रह में 38,145 करोड़ रुपये का केंद्रीय जीएसटी संग्रह, 49,891 करोड़ रुपये का राज्य जीएसटी संग्रह और 95,853 करोड़ रुपये का एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) शामिल है।

## राजमार्गों पर यात्रा करना हुआ महंगा, एनएचएआई ने टोल चार से पांच प्रतिशत बढ़ाया



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर मंगलवार से यात्रा करना महंगा हो गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनए-चएआई) ने देशभर के राजमार्ग खंडों पर टोल शुल्क में औसतन चार से पांच प्रतिशत की वृद्धि की है। राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि देश भर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन चालकों के लिए संशोधित टोल शुल्क मंगलवार से लागू हो गए हैं। एनएचएआई ने सभी राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के लिए टोल दरों में बढ़ोतरी को अलग से अधिसूचित किया है। अधिकारी के अनुसार, टोल शुल्क को संशोधित करना वार्षिक कवायद का हिस्सा है। यह थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में बदलाव से जुड़ा है। हर साल इसे एक अप्रैल से लागू किया जाता है। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क पर लगभग 855 उपयोगकर्ता शुल्क प्लाजा हैं, जिन पर राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) नियम, 2008 के अनुसार शुल्क लगाया जाता है। इनमें से लगभग 675 सार्वजनिक वित्तपोषित शुल्क प्लाजा हैं और 180 राजमार्ग विकसित करने वाली कंपनियों द्वारा संचालित टोल प्लाजा हैं। संशोधित दरें देश भर के प्रमुख मार्गों पर यात्रियों को प्रभावित करेंगी, जिनमें दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और दिल्ली-जयपुर हाईवे शामिल हैं।

## कांग्रेस जिस रास्ते पर जा चुकी है, मुझे नहीं लगता कि उसके पनपने की कोई संभावना बची है: योगी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस अपने मूल से भटक चुकी है, अपने मूल्यों से भटक चुकी है और अपने अस्तित्व के संकट का सामना कर रही है, और वह अपना मृत्यु प्रमाणपत्र स्वयं लिखने की ओर अग्रसर है। योगी आदित्यनाथ ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि कांग्रेस ने जो रास्ता अपनाया है, उसे देखते हुए देश में उसके बढ़ने या पनपने की कोई संभावना नहीं है और लोग अब उसका समर्थन नहीं कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राजग एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय और नीतीश कुमार के राज्य नेतृत्व में बिहार विधानसभा चुनाव जीतेगा। मुख्यमंत्री ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''कांग्रेस जिस रास्ते पर जा चुकी है। मुझे नहीं लगता कि उसके आगे पनपने या बढ़ने की कोई संभावना बची हुई है। अपने मूल से जब कोई भटक जाता है, अपने मूल्यों से जब कोई भटक जाता है तो उसके सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाता है, और इसका सबसे बड़ा उदाहरण कांग्रेस (के रूप में) आपके सामने है।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपना मृत्यु प्रमाण पत्र लिखने की ओर बढ़ चुकी है। देश की आजादी की लड़ाई के दौरान देश की जनता ने कांग्रेस को 'भारत की आत्मा' के रूप में माना और स्वतंत्र भारत में इन्होंने (लोगों की भावनाओं के साथ) खिलवाड़ करना शुरू किया।

## विमान ईंधन, वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम घटे

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की खुदरा ईंधन कंपनियों ने विमान ईंधन और वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम में मंगलवार को कटौती की। एटीएफ के दाम में 6.1 प्रतिशत की बड़ी कटौती की गयी जबकि होटल और रेस्तरां में उपयोग किये जाने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर कीमत 41 रुपये घटाई गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की खुदरा ईंधन कंपनियों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत 5,870.54 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 6.15 प्रतिशत घटकर 89,441.18 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। दिल्ली हवाई अड्डा देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। इससे पहले, फरवरी से एटीएफ के दाम में वृद्धि की गयी थी। इस कटौती के बाद मुंबई में एटीएफ की कीमत 83,575.42 रुपये हो गई, जबकि चेन्नई और कोलकाता में इनकी कीमत क्रमश: 92,503.80 रुपये और 91,921 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई। पेट्रोलियम कंपनियों ने राष्ट्रीय राजधानी में वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत भी 41 रुपये घटाकर 1,762 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर कर दी। यह कटौती एक मार्च को प्रति सिलेंडर छह रुपये की बढ़ोतरी के बाद की गई है। मुंबई में अब वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 19 किलोग्राम सिलेंडर के लिए 1,713.50 रुपये, कोलकाता में 1,868.50 रुपये और चेन्नई में 1,921.50 रुपये है। मूल्य वर्धित कर सहित स्थानीय करों के आधार पर एटीएफ और एलपीजी की कीमतें अलग-अलग राज्यों में भिन्न-भिन् होती हैं।

## झारखंड में एनटीपीसी परिचालित मालगाड़ियों की टक्कर में दो चालकों की मौत



**रांची :** झारखंड के साहिबगंज जिले में मंगलवार तड़के दो मालगाड़ियों के बीच टक्कर हो जाने के कारण दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) द्वारा परिचालित दो मालगाड़ियों के बीच बरहेट थाना क्षेत्र के भोगनाडीह के पास तड़के करीब तीन बजे टक्कर हुई। जिस पटरी पर यह हादसा हुआ, वह भी एनटीपीसी की है और उसका इस्तेमाल मुख्य रूप से उसके बिजली संयंत्रों में कोयला पहुंचाने के लिए किया जाता है। साहिबगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) किशोर तिर्की ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''दो मालगाड़ियों की आमने-सामने की टक्कर में उनके चालकों की मौत हो गई।'' पूर्वी रेलवे के सीपीआरओ दीप्तिमोय दत्ता ने कहा, ''मालगाड़ी और पटरी दोनों ही एनटीपीसी की हैं। इसका भारतीय रेल से कोई लेना-देना नहीं है।'' जिस रेलवे लाइन पर दुर्घटना हुई, वह बिहार के भागलपुर जिले में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के 'कहलगांव सुपर थर्मल पावर स्टेशन' को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में फरक्का विद्युत संयंत्र से जोड़ती है। इसे सामान्यतः एनटीपीसी लालमटिया एमजीआर के नाम से जाना जाता है। रेलवे ने एक बयान में कहा, ''एनटीपीसी ने मालदा मंडल से मदद मांगी है और पूर्वी रेलवे के मालदा मंडल से एक बड़ी क्रेन भेजने का आग्रह किया गया है और इसकी व्यवस्था साहिबगंज से की गई है।''

## भाजपा के नए अध्यक्ष की घोषणा इसी महीने


**नई दिल्ली :** संसद का बजट सत्र 4 अप्रैल को खत्म होगा। इसके बाद भाजपा नया पार्टी अध्यक्ष चुनने के लिए चुनाव प्रक्रिया तेज करेगी। सूत्रों के मुताबिक, अगले 4 से 5 दिनों में उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल समेत ज्यादातर बचे राज्यों के भाजपा प्रदेश अध्यक्षों के नामों का ऐलान हो जाएगा।18 से ज्यादा राज्यों में भाजपा प्रदेश अध्यक्षों के नाम ऐलान होने के बाद पार्टी के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सूत्रों का कहना है कि अगले हफ्ते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। अप्रैल के दूसरे या तीसरे हफ्ते तक भाजपा को नया अध्यक्ष मिल सकता है।भाजपा अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का होता है, लेकिन जेपी नड्डा 2019 से ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।

## प्रयागराज की अमानवीय एवं अवैध तोड़फोड़ कार्रवाई हमारी अंतरात्मा को झकझोरती है: शीर्ष अदालत

**कोर्ट ने प्रयागराज डेवलपमेंट ऑथोरिटी से सभी 5 याचिकाकर्ताओं को 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने को कहा है**



**नयी दिल्ली :** प्रयागराज में घरों को गिराने की कार्रवाई को ''अमानवीय और अवैध'' करार देते हुए उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को शहर विकास प्राधिकरण को छह सप्ताह के अंदर प्रत्येक मकान मालिक को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा, ''जिस तरीके से मकान गिराये गये हैं, वह हमारी अंतरात्मा को झकझोर देने वाला है। अपीलकर्ताओं के घरों को मनमाने तरीके से ध्वस्त कर दिया गया। आश्रय का अधिकार, कानून की उचित प्रक्रिया नाम की कोई चीज होती है।'' पीठ ने 'देश में कानून के शासन' पर बल देते हुए कहा कि मकान गिरा देने का 'मनमाना' तरीका प्रशासन की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि नागरिकों के मकानों को इस तरह से ध्वस्त नहीं किया जा सकता। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि प्रयागराज विकास प्राधिकरण को याद रखना चाहिए कि आश्रय का अधिकार अनुच्छेद 21 का अभिन्न अंग है और कानून शासन संविधान का मूल हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश शहरी नियोजन और विकास अधिनियम, 1973 की धारा 27 के तहत मकान गिराये थे।




Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau and Certified Gemstones with buy-back facility.

INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION Toll Free No. 1800 889 1704

9B, Wood Street: Ground Floor, Kolkata 700 016 M +91 89810 89018 South City Mall: Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 M +91 89810 89029 City Centre II, Rajarhat : Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 M +91 89810 89066 Howrah: JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) M +91 89810 89027 Vardaan Market: 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 M +91 89810 89003 Bagnan: Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 M +91 89810 89024 Durgapur: Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 M +91 89810 89017 Serampore: Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014

Authorised Retailer: Platinum & MMTC Gold & Silver Bars

Exchange old Gemstones & Diamond for Gold!

## मोदी की नागपुर यात्रा के निहितार्थ

भले ही प्रसंग राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ साल पूरा होने का हो, लेकिन प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की संघ के मुख्यालय की पहली यात्रा के गहरे निहितार्थ भी हैं। जो इस बात का संकेत है कि पिछले आम चुनाव के दौरान संघ व भाजपा के रिश्तों में जिस खटास की बात कही जा रही थी, वह संवाद व संपर्क से दूर कर ली गई है। जो इस बात का भी संकेत है कि आने वाले वक्त में पार्टी व सरकार के अहम फैसलों में संघ की भूमिका बढ़ सकती है। यूं तो प्रधानमंत्री ने बीते रविवार को नागपुर यात्रा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी की, लेकिन उनका प्रधानमंत्री के रूप में संघ मुख्यालय पहुंचना खास चर्चा में रहा। उल्लेखनीय है कि चौथाई सदी पहले संघ मुख्यालय पहुंचने वाले अटल बिहारी वाजपेयी पहले प्रधानमंत्री थे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि मोदी भी संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। साथ ही वे संघ की रीति-नीतियों से भली-भांति परिचित हैं। लेकिन पिछले आम चुनाव के दौरान भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के ऐसे बयान चर्चाओं में थे कि पार्टी का कद संघ से बड़ा हो गया है। जिसके चलते संघ व भाजपा के रिश्तों में कुछ कसक देखी गई। जिसकी कुछ इस तरह व्याख्या की गई कि पार्टी जिस तरह चार सौ पार के लक्ष्य से चूकी, उसके मूल में संघ कार्यकर्ताओं की उदासीनता रही है। बाद में दोनों के रिश्ते सामान्य होने के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जो आशातीत सफलता हाथ लगी, कहा जा रहा था कि उसमें संघ कार्यकर्ताओं का समर्पण व योगदान महत्वपूर्ण घटक रहा। अब संघ मुख्यालय में प्रधानमंत्री की यात्रा से यह तथ्य भी उजागर हुआ कि दोनों की रीतियों-नीतियों फिर से बेहतर तालमेल स्थापित हुआ है। अब राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि आने वाले दिनों में केंद्र सरकार के फैसलों में संघ के दृष्टिकोण का प्रभाव नजर आएगा।

वहीं दूसरी ओर कहा तो यहां तक भी जा रहा है कि आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में संघ की भूमिका हो सकती है। ऐसा ही असर बदलते वक्त के साथ पार्टी के अन्य फैसलों पर भी नजर आ सकता है। यानी दोनों अब सामंजस्य व सहजता के साथ आगे बढ़ेंगे। अर्थात पार्टी अब अपने वैचारिक स्रोत के साथ बेहतर तालमेल करके चलना चाहेगी। यही वजह है कि प्रधानमंत्री ने संघ मुख्यालय में कहा कि संघ का विचार बीज अब वट वृक्ष का रूप ले चुका है। उन्होंने संघ कार्यकर्ताओं के योगदान की चर्चा करते हुए संघ को भारतीय संस्कृति का विशाल वट वृक्ष बताया। बहरहाल, भाजपा संघ से कुछ मुद्दों पर असहमति से आगे निकल चुकी है। उल्लेखनीय है कि आम चुनाव परिणाम के बाद संघ प्रमुख ने नसीहत दी थी कि लोगों की सेवा करने वाले एक सच्चे सेवक में अहंकार नहीं होना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी कतिपय उन नेताओं की तरफ इशारा भी था जिन्होंने कहा था कि पार्टी बड़ी हो गई है और उसे संघ की पहले की तरह जरूरत नहीं है। इसके बाद संघ ने अपने महत्व का अहसास पार्टी को कराया। जिसका राजनीतिक लाभ भाजपा को कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिला भी। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नागपुर यात्रा के दौरान की गई टिप्पणियों का निष्कर्ष यह भी है कि संघ परिवार की अब सरकार व पार्टी में भूमिका बढ़ सकती है। राजनीतिक पंडितों को तब आश्चर्य नहीं होगा यदि पार्टी के नये अध्यक्ष के चयन में संघ की मोहर लगे। यह भी हकीकत है कि लोकसभा चुनाव में अपने बलबूते पूर्ण बहुमत से दूर रहने के कारण पार्टी की सहयोगी दलों पर निर्भरता बढ़ी है। जिसके चलते भाजपा अपनी सुरक्षा को मजबूत करने के लिये संघ पर अधिक निर्भर रहेगी। निर्विवाद रूप से आने वाले समय में पार्टी को पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में कठिन परीक्षा से गुजरना होगा। ऐसे में भगवा पार्टी को अगले दो वर्षों में बड़ी सफलता हासिल करने के लिये संघ पर निर्भर रहना पड़ेगा। जहां संघ अपनी आधार भूमि को विस्तार दे रहा है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 2 अप्रैल, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र शुक्लपक्ष चतुर्थी/पंचमी, 23:54 तक, कृत्तिका, 08:51 तक, योग : प्रीति, 06:06 तक, सूर्योदय: 5:329, सूर्यास्त: 17:52, चन्द्रोदय : 08:11, चन्द्रास्त: 22:20, शक सम्वत: 1946 क्रोधी, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 11:40 से 13:12

## राशिफल

**मेष :** अपने व्यवहार पर नियंत्रण रखें, नहीं तो यह आपको काफी नुकसान पहुंचा सकता है। दूसरों के प्रति अपने व्यवहार को अच्छा बनाएं। बड़ा निवेश करने का प्लान बनेगा।

**वृष :** धैर्य बनाए रखें, समझदारी के साथ कार्य करें। लाभ मिलेगा। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लें। आपको सफलता के रास्ते पर ले जाएगा। दिन आपके फेवर में रह सकता है।

**मिथुन :** आपको आज परिवार के साथ समय बिताने का प्रयास करना है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जिसकी वजह से आपका कॉम्फिडेंस लेवल भी बढेगा। प्लान को किसी से शेयर करने से बचें।

**कर्क :** स्वास्थ्य को लेकर तनाव लेने से बचें। नहीं तो स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव पड़ सकता है। सकारात्मक सोचें। वित्तीय संकटों से निपटने की तैयारी रखें। पारिवारिक तनाव बढ़ सकते हैं।

**सिंह :** आज महत्वपूर्ण निर्णय आपको लेने पड़ सकते हैं, जिससे आप अपने बड़े-बुजुर्गों की सलाह लेंगे। आपके दोस्त भी आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। बॉस का नजरिया भी अच्छा रहेगा।

**कन्या :** गर्भवती महिलाओं को सावधानी बरतने की जरूरत है। दोस्त आपकी मदद करने के लिए आगे आ सकते हैं। खर्च आज बढ़ सकते हैं। लेकिन खर्चों को लेकर चिंता न करें।

**तुला :** आज आप किसी बात को लेकर मानसिक और शारीरिक थकावट महसूस कर सकते हैं। इस दौरान आप थोड़ा सा आराम करें, राहत मिलेगी। खानपान पर ध्यान दें।

**वृश्चिक :** आप आज किसी कार्य को लेकर काफी खुश रहेंगे। जिसकी वजह से आपका पूरा दिन खुशनुमा रहने वाला है। आपको ऊपर पैसों का कर्ज है तो वह भी कुछ ही दिनों में दूर हो जाएगा।

**धनु :** आपको आज अपने लिए समय निकलने की जरूरत है। माता-पिता को स्वास्थ्य प्राब्लम हो सकती है। उनका ख्याल रखें। आर्थिक स्थिति पर इसका असर पड़ सकता है।

**मकर :** आज आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। घबराने की जरूरत नहीं है। वित्तीय सुधार होगा। घर पर खुशनुमा माहौल बना रहेगा। प्रेमी आपका आज रोमांटिक मूड में नजर आएगा।

**कुम्भ :** अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नई योजना से आपकी आर्थिक स्थिति सुधर सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी को ऐसी बातें कहने से बचें, जो दूसरों को बुरी लग सकती है।

**मीन :** आज आप अपनी क्षमता को पहचानें। नए विचारों से आपको वित्तीय लाभ मिलेगा। माता-पिता के साथ समय बिताएं, उनके स्वास्थ्य की जानकारी लें। जीवनसाथी से स्नेह मिलेगा।

# नवरात्रि के चौथे दिन ऐसे करें मां कुष्मांडा की पूजा

नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा की जाती है और इस दिन विधि-विधान से मां दुर्गा की आराधना होती है। भक्त उन्हें भोग में मिठाई, फल और मालपुआ अर्पित करते हैं। मान्यता है कि मां कुष्मांडा की पूजा से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और कार्यों में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं। देवी पुराण के अनुसार, विद्यार्थियों को नवरात्रि में मां कुष्मांडा की पूजा अवश्य करनी चाहिए। इससे उनकी बुद्धि का विकास होता है।

मां कुष्मांडा आठ भुजाओं वाली दिव्य शक्ति हैं, उन्हें परमेश्वरी का रूप माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि मां कुष्मांडा की पूजा करने से सभी काम पूरे होते हैं और जिन काम में रुकावट आती है, वे भी बिना किसी बाधा के पूरे हो जाते हैं। मां कुष्मांडा की पूजा करने से भक्तों को सुख और सौभाग्य मिलता है। देवी पुराण में बताया गया है कि विद्यार्थियों को नवरात्रि में मां कुष्मांडा की पूजा जरूर करनी चाहिए। मां दुर्गा उनकी बुद्धि का विकास करने में सहायक होती हैं।

**मां का नाम कुष्मांडा क्यों पड़ा**

देवी कुष्मांडा, दुर्गा मां का चौथा रूप हैं।



मां कूष्मांडा

देवी भागवत पुराण में उनकी महिमा का वर्णन है। माना जाता है कि उन्होंने अपनी हल्की मुस्कान से ब्रह्मांड बनाया था। इसलिए उन्हें कुष्मांडा देवी कहा जाता है। सृष्टि के आरम्भ में अंधकार था, जिसे मां ने अपनी हंसी से दूर किया। उनमें सूर्य की गर्मी सहने की शक्ति है। इसलिए, उनकी पूजा करने से भक्तों को शक्ति और ऊर्जा मिलती है।

**ऐसा है मां कुष्मांडा का रूप**

मां कुष्मांडा का स्वरूप बहुत ही खास है। उन्हें दिव्य और अलौकिक माना जाता है। वह शेर पर सवार होती हैं। उनकी आठ भुजाएं हैं जिनमें अस्त्र होते हैं। मां कुष्मांडा हमें जीवन शक्ति देती हैं। मां कुष्मांडा शेर पर सवारी करती हैं। उनकी आठ भुजाओं में अलग-अलग चीजें हैं। इन भुजाओं में उन्होंने कमंडल, कलश, कमल और सुदर्शन चक्र पकड़ा हुआ है। मां का यह रूप हमें जीवन शक्ति प्रदान करने वाला माना गया है। मां का यह रूप हमें जीने की शक्ति देता है। मां कुष्मांडा का रूप बहुत ही दिव्य है। यह हमें शक्ति और प्रेरणा देता है।

**मां कुष्मांडा का भोग**

मां कुष्मांडा की पूजा नवरात्रि में होती है और इस दौरान भक्त मां को प्रसन्न करने के लिए कई तरह के उपाय करते हैं। मां कुष्मांडा की पूजा में पीले रंग का केसर वाला पेठा रखना चाहिए और उसी का भोग लगाएं। यानी मां को केसर वाला पीला पेठा चढ़ाना चाहिए और उसे ही प्रसाद के रूप में बांटना चाहिए। कुछ लोग सफेद पेठे के फल की बलि भी देते हैं। इसके अलावा, मालपुआ और बताशे भी चढ़ाए जाते हैं।



मां स्कंदमाता

### नवरात्रि के पांचवे दिन स्कंदमाता की पूजा से दूर होंगे सभी कष्ट

नवरात्रि के पांचवे दिन मां दुर्गा के पांचवे स्वरुप स्कंदमाता की पूजा अर्चना की जाती है। स्कंदमाता माता की पूजा करने से नकारात्मक शक्तियों का माश होता है। स्कंदमाता अपने भक्तों के सभी काम बना देती हैं। असंभव से असंभव कार्य उनकी पूजा से पूरे हो जाते हैं। साथ ही स्कंदमाता की पूजा अर्चना करने से व्यक्ति को संतान सुख की प्राप्ति भी होती है। साथ ही व्यक्ति को सभी दुख दर्द से छुटकारा मिलता है। आइए जानते हैं स्कंदमाता की पूजा विधि, भोग, मंत्र और स्तोत्र आदि...

**स्कंदमाता का स्वरुप**

भगवान शिव की अर्धांगिनी के रुप में मां ने स्वामी कार्तिकेय को जन्म दिया था। भगवान कार्तिकेय का दूसरा नाम स्कंद है इसलिए मां दुर्गा के इस रुप को स्कंदमाता कहलाया। मां स्कांदमाता की चार भुजाएं हैं। मां भगवान कार्तिकेय को अपनी गोद में लेकर शेर पर सवार रहती है। मां के दोनों हाथों में कमल है। साथ ही स्कंदमाता की पूजा में धनुष बाण अर्पित करने चाहिए।

**स्कंदमाता का भोग**

स्कंदमाता को पीले रंग की वस्तुएं सबसे अधिक प्रिय है। माता को केले का भोग लगाना चाहिए। उन्हें पीले रंग के फूल और फल अर्पित करने चाहिए। स्कंदमाता को आप चाहे तो केसर की खीर का भोग लगा सकते हैं। साथ ही मां को हरी इलायची भी अर्पित करके लौंग का जोड़ा चढ़ाएं।

## विदेश की खबरें

# भारत अंतरिक्ष से अद्भुत दिखता है, अपने पिता की जन्मभूमि पर जरूर जाऊंगी: सुनीता विलियम्स

**न्यूयॉर्क :** नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने कहा भारत अंतरिक्ष से अद्भुत दिखता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वह अपने ''पिता की जन्मभूमि'' जाएंगी और वहां के लोगों के साथ अंतरिक्ष खोज के बारे में अपने अनुभव साझा करेंगी। सोमवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान सुनीता ने यह बात कही। उनसे पूछा गया था कि जब वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र में थीं तो वहां से भारत कैसा दिखता था और अंतरिक्ष खोज पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ उनके सहयोग की कोई संभावना है? इस पर उन्होंने कहा, ''भारत अद्भुत है। मैं आपको बताना चाहूंगी कि हम जब भी हिमालय के ऊपर से गुजरे तो बुच ने हिमालय की कुछ अविश्वसनीय तस्वीरें लीं।



बेहद अद्भुत है।'' सुनीता विलियम्स और उनके साथी अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर ने 'स्पेसएक्स क्रू-9' मिशन के तहत पृथ्वी पर लौटने के कुछ दिनों बाद अपने पहले संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। ये दोनों नौ माह से अधिक समय तक अंतरिक्ष में फंसे रहे थे। उन्होंने कहा, ''मुझे आशा और यकीन है कि मैं अपने पिता के देश (भारत) जाऊंगी और लोगों से मिलूंगी तथा अंतरिक्ष के बारे में अपने अनुभव साझा करूंगी। 'एक्सिओम मिशन' पर जा रहे भारतीय नागरिक शानदार हैं।'' उन्होंने ये टिप्पणी 'एक्सिओम मिशन 4' (एक्स-4) वाणिज्यिक अंतरिक्ष यात्री मिशन का जिक्र करते हुए कीं, जिसमें भारत के मिशन पायलट शुभांशु शुक्ला भी शामिल होंगे। लखनऊ में जन्मे शुक्ला, 1984 में अंतरिक्ष में जाने वाले भारतीय वायुसेना के पूर्व अधिकारी राकेश शर्मा के बाद भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री होंगे। उन्होंने कहा, ''उनके पास वहां अपने देश का हीरो होगा जो इस बारे में बात कर सकेगा कि उनके दृष्टिकोण से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन कितना अद्भुत है। लेकिन मुझे उम्मीद है कि मैं किसी समय उनसे मिल पाऊंगी और हम भारत में जितना संभव हो सके उतने लोगों के साथ अपने अनुभव साझा कर सकेंगे, क्योंकि यह एक महान देश है, एक अद्भुत लोकतंत्र है, जो अंतरिक्ष के क्षेत्र में काम करने वाले देशों में अपना पैर जमाने की कोशिश कर रहा है और हम इसका हिस्सा बनना तथा उनकी मदद करना पसंद करेंगे।''

## मलेशिया में गैस पाइप फटने से लगी भीषण आग में 145 लोग झुलसे



**कुआलालंपुर :** मलेशिया में कुआलालंपुर के बाहरी इलाके में गैस पाइपलाइन फटने से मंगलवार को लगी भीषण आग में 145 लोग झुलस गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय तेल कंपनी 'पेट्रोनास' ने एक बयान में कहा कि कुआलालंपुर के बाहर उसकी एक गैस पाइपलाइन फटने के बाद भीषण आग लग गई। आग की लपटें 20 मंजिला इमारत के जितनी ऊंची थी तथा आवासीय क्षेत्र के पास खाली पड़े क्षेत्र में एक बड़ा गड्ढा बन गया। मलेशिया के अंग्रेजी अखबार 'न्यू स्ट्रेट्स टाइम्स डेली' में जारी खबर में स्वास्थ्य मंत्री जुल्कफ्ली अहमद के हवाले से बताया कि इस हादसे में तीन बच्चों सहित 145 लोग झुलस गए हैं। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से झुलसे 67 लोगों का सरकारी अस्पतालों में इलाज कराया जा रहा है जबकि 37 अन्य लोगों का क्लीनिक और निजी अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। अग्निशमन विभाग ने बताया कि भीषण आग लग जाने से 190 घर और 148 कारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से 290 मीटर के दायरे में आने वाले घरों में प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम प्रभावित लोगों से मुलाकात की और पीड़ितों के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की। उन्होंने कहा, ''आवासीय क्षेत्रों में बहुत नुकसान हुआ है।''

## म्यांमा में भूकंप से अब तक 2,700 से अधिक लोगों की मौत, बढ़ सकता है मृतकों का आंकड़ा



**बैंकॉक :** म्यांमा में पिछले सप्ताह आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से ढही एक इमारत के मलबे से 63 वर्षीय महिला को कई घंटों के बाद सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया। म्यांमा में आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या 2,700 से अधिक हो गई है जबकि हजारों लोग घायल है। वहीं, अब मलबे में दबे लोगों के जीवित बचे होने की उम्मीदें धूमिल होती नजर आ रही हैं। नेपीता में अग्निशमन विभाग ने कहा कि शुक्रवार दोपहर आए विनाशकारी भूकंप से एक इमारत ढह जाने के 91 घंटे बाद महिला को मलबे से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि आपदा के 72 घंटों के बाद जीवित बचे लोगों के मिलने की संभावना कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि मृतकों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। 'वेस्टर्न न्यूज' वेबसाइट पर जारी खबर के अनुसार, म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख एवं वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने राजधानी नेपीता में बताया कि भूकंप के कारण अब तक 2,719 लोगों की मौत हो गई है जबकि 4,521 व्यक्ति घायल हैं और 441 लापता हैं। म्यांमा में आए भूकंप ने देश के बड़े हिस्सों को प्रभावित किया है जिससे कई क्षेत्रों में बिजली, टेलीफोन या मोबाइल फोन कनेक्शन ठप हो गए तथा सड़कें और पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके कारण आपदा से हुए नुकसान का आकलन करना मुश्किल हो गया है। म्यांमा के लिए यूनिसेफ की उप प्रतिनिधि जूलिया रीस ने कहा, ''जरूरतें बहुत बड़ी हैं और हर घंटे यह बढ़ती जा रही हैं।''

## यूनुस की टिप्पणियों को भारतीय नेताओं ने 'शर्मनाक', 'भड़काऊ' करार दिया

**नयी दिल्ली :** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस द्वारा भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर की गई हालिया टिप्पणियों पर मंगलवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और इन्हें ''शर्मनाक'' तथा ''भड़काऊ'' करार दिया। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यूनुस की एक वीडियो क्लिप साझा की। यूनुस इस क्लिप में यह कहते दिखाई देते हैं कि उनका देश महासागर (बंगाल की खाड़ी) का एकमात्र संरक्षक है क्योंकि भारत के पूर्वोत्तर राज्य चारों ओर से जमीन से घिरे हैं और उनके पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे ''बड़ी संभावनाएं'' खुलेंगी और चीन को बांग्लादेश में अपना आर्थिक प्रभाव बढ़ाना चाहिए। यूनुस ने ये टिप्पणियां कथित तौर पर चीन की अपनी चार दिवसीय यात्रा के दौरान कीं। शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने मंगलवार को कहा कि यह एक ''बहुत गंभीर मुद्दा'' है और यह राष्ट्र की ''सुरक्षा'' से संबंधित है। उन्होंने संसद भवन परिसर में पीटीआई की वीडियो सेवा से कहा, ''यह बहुत शर्मनाक टिप्पणी है...वह चीन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए हमारे देश के क्षेत्रों का उल्लेख कर रहे हैं। मुझे लगता है कि भारत को इस पर कड़ा रुख अपनाना चाहिए। यह देश की सुरक्षा को खतरे में डालता है।''

## अमेरिकी अदालत ने डोभाल को अदालती दस्तावेज देने के खालिस्तानी आलगाववादी पन्नू के दावे को खारिज किया

**न्यूयॉर्क :** अमेरिका की एक अदालत ने स्पष्ट किया है कि भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल को फरवरी में उनकी वाशिंगटन यात्रा के दौरान कोई अदालती दस्तावेज नहीं दिया गया था। अदालत ने खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के इस दावे को खारिज कर दिया कि शीर्ष भारतीय अधिकारी को समन सहित अन्य अदालती दस्तावेज दिए गए थे। अमेरिकी जिला न्यायाधीश कैथरीन पोल्क फैला ने हालिया आदेश में कहा, ''अदालत ने उपरोक्त दस्तावेज और संलग्न सामग्री की समीक्षा की है... और पाया है कि यह संबंधित व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाया था। अदालती दस्तावेज होटल प्रबंधन के किसी सदस्य या स्टाफ या प्रतिवादी को सुरक्षा प्रदान करने वाले किसी अधिकारी या एजेंट को नहीं दिया गया था, जैसा कि अदालत के आदेश के अनुसार आवश्यक है।'' पन्नू ने डोभाल और एक अन्य भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के खिलाफ दीवानी मुकदमा दायर किया है। संघीय अभियोजकों ने गुप्ता पर आरोप लगाया है कि उसने अमेरिकी धरती पर पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में भारत के एक सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर काम किया था।

## अमेरिका ने चीन और हांगकांग के छह अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाया

**हांगकांग :** अमेरिका ने चीन और हांगकांग के उन छह अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है जिन पर आरोप है कि वे 'अंतरराष्ट्रीय दमन' समेत ऐसे अन्य कृत्यों में शामिल थे जिससे हांगकांग की स्वायत्तता को और नुकसान पहुंचने का खतरा था। इस पर पलटवार करते हुए हांगकांग की सरकार ने मंगलवार को प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका की आलोचना की। जिन छह अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें न्याय सचिव पॉल लैम, सुरक्षा कार्यालय निदेशक डोंग जिंगवेई और पुलिस आयुक्त रेमन शामिल हैं। यह प्रतिबंध अमेरिका और चीन के बीच के तनाव को और बढ़ा सकते हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार शुल्क और ताइवान जैसे अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर पहले से ही मतभेद हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा, ''बीजिंग और हांगकांग के अधिकारियों ने हांगकांग के सुरक्षा कानूनों का दुरुपयोग उन 19 लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं को धमकाने, चुप कराने और परेशान करने में किया और उन्हें डराकर या दबाव डालकर विदेश भागने पर मजबूर किया गया।

## वर्ग पहेली नं. 3050

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | | 13 | ■ | ■ | |
| 14 | | ■ | 15 | | ■ | 16 | | 17 | |
| ■ | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | ■ | 21 | | ■ | 22 | 23 | | 24 |
| ■ | 25 | 26 | | ■ | 27 | ■ | | ■ | |
| 28 | ■ | | ■ | 29 | | 30 | ■ | ■ | |
| 31 | | | | | ■ | 32 | | | |

**बायें से दायें:-** 1) रज़ामंद; स्वीकृत, 4) चमत्कार, 7) क्षतिपूर्ति, 9) एक देश, 10) अध्याय; दंड, 12) बहाना, 14) दाँत, 15) दावा, 16) एक इतिहासकालीन प्रसिद्ध गायक, 18) कहाँ पर, 19) एक संख्या, 20) प्रवर्ग; कोटि; प्रकार; *क्लास*; *टाइप*, 21) अकड़, 22) वैमनस्य, 25) सब, 29) लँगड़े का सहारा, 31) मृणाल, 32) चौकन्ना.

**ऊपर से नीचे:-** 1) संपूर्णतः, 2) गंध, 3) गीला, 4) अन्न, 5) वाद्य, 6) वीराना; एकांत स्थान, 8) महावर; प्रेषिति; *डिस्पैच*, 11) दुर्भाग्यशाली, 13) मारे हुए और घायल, 15) हमेशा, 17) स्वास्थ्य, 23) प्रसिद्ध, 24) अनैतिक, 26) परिस्थिति, 27) अनाज का सूखा छिलका; चोकर, 28) संदेह, 29) मूर्ख आदमी; एक पालतू पशु, 30) जेब.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ती | मा | र | दा | री | ■ | स | र | स | री |
| ■ | ■ | ट | ■ | स | प | ना | ■ | त्व | ■ |
| ब | द | ना | मी | ■ | र | त | ना | र | ■ |
| टु | ■ | ■ | च | प्पू | ■ | न | ग | ■ | इ |
| आ | ना | जा | ना | ■ | दू | ■ | पं | ग | त |
| ■ | स्ति | ■ | ■ | स | र | पं | च | ■ | वा |
| अं | क | ग | णि | त | ■ | ■ | मी | ना | र |
| ति | ■ | र | ■ | ह | त्या | रा | ■ | ति | ■ |
| म | त | ल | ब | ■ | ज्य | ■ | ला | न | त |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-3010

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | 2 | | | |
| 3 | | | | | | | | 1 |
| | | | 5 | | | 7 | | |
| | 4 | | | 6 | | | | 5 |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | | | 1 | | | | |
| | | | 9 | | | | 2 | |
| 7 | | | | | | 4 | | |
| 1 | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3009 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 1 |
| 3 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 5 | 9 | 8 | 2 | 3 |
| 4 | 7 | 9 | 8 | 3 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 1 | 9 | 6 | 4 | 5 | 7 |
| 1 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 |
| 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 6 | 8 | 3 | 1 | 5 |

# पाथरप्रतिमा विस्फोट मामले में एक और की मौत, मृतकों की संख्या बढ़कर हुई आठ

- दो मालिकों के खिलाफ गैर-जमानती मामला दर्ज
- दो मालिकों में एक गिरफ्तार व एक की तलाश जारी
- नवान्न ने घटना पर तलब की रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले में एक घर में हुए विस्फोट में घायल एक और व्यक्ति की मंगलवार ज्ञी सुबह मौत हो गई। इसके साथ ही इस घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात करीब 9 बजे पाथरप्रतिमा के ढोलाहाट में एक घर में गैस सिलेंडर में विस्फोट हो जाने से चार बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना में सुतापा जना लगभग 75 प्रतिशत तक झुलस गई थीं और इस दिन, सुबह में कोलकाता के एसएसकेएम (सेठ सुखलाल करनानी मेमोरियल) अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि उक्त घटना में पटाखा फैक्ट्री मालिक तुषार और चंद्रकांत बनिक के पिता अरविंद बनिक (65), दादी प्रभावती बनिक (80), चंद्रकांत के दो बच्चे अर्नव बनिक (9) और अस्मिता बनिक (8 माह), तुषार के दो बच्चे अनुष्का बनिक (6) और अंकित


गिरफ्तार अभियुक्त

बनिक (6 माह) की मौत हो गई है। घटना के बाद से फरार पटाखा कारखाने के मालिकों में तुषार बनिक को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि उसके भाई व मालिक चंद्रकांत बनिक का कोई सुराग नहीं मिल सका था। पुलिस ने खबर के लिखे जाने तक दोनों के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया था। पटाखा फैक्ट्री के मालिक भाइयों चंद्रकांत बनिक और तुषार बनिक के खिलाफ हत्या के प्रयास का गैर-जमानती मामला दर्ज किया गया है। चंद्रनाथ और तुषार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 287, 288, 105, 110, 125 और 61(2) और पश्चिम बंगाल अग्निशमन सेवा अधिनियम (1950) की धारा 24, 25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, पुलिस ने कहा कि विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। इस बीच, नवान्न ने विस्फोट की घटना पर जिला मजिस्ट्रेट से रिपोर्ट तलब की है।

## पुलिस के लिए घर-घर जाकर निगरानी करना मुश्किल है : एडीजी



पाथरप्रतिमा में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में आठ लोगों की मौत के बाद व्यवस्था पर तमाम सवाल खड़े हो रहे है। लेकिन मामले पर पुलिस ने दुर्घटना के लिए पीड़ित परिवार के वयस्कों को दोषी ठहराया। इस मामले पर मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई है और पूरे मामले की जांच कर रही है। जल्द ही पूरा मामला स्पष्ट हो जाएगा। राज्य पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह एक दुर्घटना थी। फोरेंसिक टीम की जांच के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो सकेगा। एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि पुलिस के लिए घर-घर जाकर निगरानी करना मुश्किल है। इसके लिए आम जनता को अधिक जागरूक होने की जरूरत है। एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि पुलिस और प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि ऐसी घटना दोबारा न हो। उनका दावा है कि पुलिस उस घर से पैसे लेकर जाती थी। ऐसे में एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि ये आरोप जांच का विषय हैं। उन्होंने बताया कि व्यापारी परिवार दस साल से पटाखों के कारोबार में है। परिवार के सबसे बड़े बेटे चंद्रकांत को लगभग तीन साल पहले घर में पटाखे बनाते समय गिरफ्तार किया गया था। लेकिन क्या इसके बाद उन्होंने दोबारा पटाखों का कारोबार शुरू करने के लिए प्रशासन से जरूरी अनुमति ली थी? पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने घटना का दोष उसी परिवार पर मढ़ा है। उनके अनुसार, यह एक गैर जिम्मेदाराना कृत्य है। परिवार के आठ सदस्यों को इसकी कीमत चुकानी पड़ी। मरने वालों में बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आप या मैं घर में पेट्रोल रखते हैं, फिर वहां गैस सिलेंडर लगाते हैं, और वहां खाना बनाते हैं, तो पुलिस के लिए हर दिन यह जानकारी होना संभव नहीं है। यह जागरूकता की कमी और गैर जिम्मेदारी का संकेत है।

## पाथरप्रतिमा विस्फोट जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे : राज्यपाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के पाथरप्रतिमा में हुए विस्फोट में आठ लोगों की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए मंगलवार को राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। राज्यपाल बोस ने कहा कि दुर्घटनाएं अचानक नहीं होतीं। इसके पीछे कोई न कोई मानवीय चूक होती है। दुर्घटनाओं को रोकने और इससे संबंधित कानून को लागू करने की प्राथमिक जिम्मेदारी सरकार की है। अधिकारियों को बहुत सतर्क रहना होगा तथा उन्हें इस संबंध में और अधिक सक्रिय कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि हम शोक संतप्त परिवार के साथ अपनी एकजुटता प्रकट करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। राज्यपाल ने कहा कि स्थिति की समीक्षा करने के बाद वह पाथर प्रतिमा का दौरा करने पर विचार कर सकते हैं।

## पाथरप्रतिमा में लगी आग एक दुर्घटना, राजनीति करना ठीक नहीं : कुणाल घोष

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल नेता कुणाल घोष ने दक्षिण 24 परगना के पाथरप्रतिमा इलाके में हुए सिलेंडर ब्लास्ट के बाद पटाखों में आग लगने से आठ लोगों की मौत पर मंगलवार को कहा कि यह एक दुर्घटना थी, इसमें राजनीति करना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन इस घटना की जांच कर रहा है और इस मामले में किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और उदाहरण के तौर पर गुजरात में हुए पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट का जिक्र किया, जिसमें 17 लोगों की मौत हुई। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाएं कहीं भी हो सकती हैं, और पुलिस इस पर काम कर रही है। पटाखों की फैक्ट्री के लिए किसी कानूनी लाइसेंस की बात उठाए जाने पर कुणाल घोष ने कहा कि गुजरात में भी इसी प्रकार का हादसा हुआ, जहां पटाखे फटने से बिल्डिंग गिर गई थी और कई लोग मारे गए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जिस राज्य से हैं, वहां यह घटना हुई, लेकिन तब इस पर सवाल नहीं उठाए गए। उन्होंने इसे भी एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया और कहा कि इस पर पुलिस काम कर रही है।

## सुकांत मजूमदार ने अमित शाह से पाथरप्रतिमा विस्फोट की एनआईए जांच की अपील

**कोलकाता, समाज्ञा**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दक्षिण 24 परगना में हुए विस्फोट की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से कराने का अनुरोध किया। अपने पत्र में मजूमदार ने इस घटना पर 'गहरी चिंता' व्यक्त की, जो कथित तौर पर एक 'अवैध पटाखा फैक्टरी' में हुई थी। उन्होंने यह भी कहा कि विस्फोट एक अवैध बम बनाने वाली इकाई से जुड़ा हो सकता है जो कथित तौर पर राजनीतिक संरक्षण में चल रही है। उन्होंने लिखा कि यह घटना एक चिंताजनक प्रवृत्ति का हिस्सा है। बंगाल में अवैध हथियारों और विस्फोटकों की घटनाओं में काफी वृद्धि नजर आयी है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। मजूमदार ने विस्फोट के मूल का पता लगाने



और यह निर्धारित करने के लिए एनआईए द्वारा गहन जांच की मांग की कि कहीं यह अवैध हथियारों के संचालन के एक बड़े नेटवर्क से जुड़ा तो नहीं है। बाद में 'एक्स' पर इस पत्र की एक प्रति साझा करते हुए उन्होंने लिखा कि मैंने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दक्षिण 24 परगना के पाथरप्रतिमा में हुए बड़े विस्फोट की तत्काल एनआईए जांच की मांग की है। यह महज एक दुर्घटना नहीं है, यह विफल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शासन में बंगाल में बढ़ती अराजकता का लक्षण है।

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए प्रधान मुख्य अभियंता, मेट्रो रेलवे, कोलकाता द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** मेट्रो रेलवे, कोलकाता की ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन के उत्तरी खंड के विभिन्न स्टेशनों के प्लेटफॉर्मों पर स्टेनलेस स्टील कॉन्वेक्स मिरर की आपूर्ति, संस्थापन एवं परीक्षण। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु.17,26,753.60, **बयाना राशि:** रु.34,500./-, **समापन अवधि:** तीन (03) माह। **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 25.04.2025 को 12.00 बजे। निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। किसी संयोजनी/संशोधनी को केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना सं. : सिविल-2522-2025 (खुली)**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**हावड़ा - अजीमगंज कविगुरु एक्सप्रेस का नियंत्रण**

नक्काटिटाला सागरदिघी स्टेशन पर समपार फाटक संख्या 24/बी/टी से एक रोड ओडीसी के गुजरने के लिए, हावड़ा मंडल में मोरग्राम और गोसाईंग्राम स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन लाइन पर दिनांक 04/05.04.2025 (शुक्रवार/शनिवार) की मध्यरात्रि में(23:30 बजे से 02:55 बजे तक) 03 घंटे 25 मिनट का यातायात एवं विद्युत ब्लॉक आवश्यक होगा। इस कारण **13027 हावड़ा - अजिमगंज कविगुरु एक्सप्रेस [यात्रा दिनांक: 05.04.2025 (शनिवार)]** को मार्ग में **15 मिनट** तक नियंत्रित किया जाएगा। **विशेष नोट:** इस ब्लॉक अवधि के दौरान कोई भी विशेष या विलंबित ट्रेन तथा कोई नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी (यदि कोई हो) को उपयुक्त रूप से नियंत्रित/परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों के सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली पर ध्यान दें। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: ई-टेंडर/2025/10, दिनांक: 28.03.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तारीख को अपराह्न 3:00 बजे से पहले ई-निविदा आमंत्रित करते हैं और निविदा अपराह्न 3:30 बजे खोली जाएगी। **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-एचक्यू-10-2025। कार्य का विवरण:** डीईएन(मुख्यालय)/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन खड़गपुर मंडल में ट्रैक नवीकरण एवं रखरखाव कार्य के सम्बन्ध में आरडीएसओ द्वारा अनुमोदित अनुसार 60 किग्रा./90 यूटीएस रेल (2346 अदद जॉइंट्स) तथा 60 किग्रा./60 ईआई-आर260 ग्रेड रेल (2463 अदद) के अलुमिनो थर्मिक वेल्डिंग पोर्शन का निर्माण एवं आपूर्ति तथा आईआर स्पेसिफिकेशन के अनुसार सिंगल शॉट क्रूसिबल द्वारा वेल्डिंग इन-सीटू (कुल 4809 जॉइंट्स)। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,08,72,240.10। **बयाना राशि:** ₹ 2,04,400। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-एचक्यू-11-2025। कार्य का विवरण:** खड़गपुर मंडल में (1) स्क्रैप यार्ड खड़गपुर, (2) ट्रैफिक सेटलमेंट खड़गपुर एवं (3) शालीमार गंगा छोर पर आरसीसी ओवरहेड टैंक (क्षमता 1,00,000 गैलन तक) द्वारा अत्यंत पुराने/जीर्ण-शीर्ण स्टील टैंक की बदली (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,23,71,063.97। **बयाना राशि:** ₹ 3,61,900। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-एचक्यू-12-2025। कार्य का विवरण:** एडीईएन/तमलुक के अधिकार क्षेत्र के अधीन पांसकुड़ा-हल्दिया एवं तमलुक-दीघा खंड में एम्बैंकमेंट तथा कैनवास ड्रेन - 10208 मीटर का मजबूतीकरण (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 29,21,62,779.82। **बयाना राशि:** ₹ 16,10,800। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 18 महीना। **क्रम संख्या:** 4। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-एचक्यू-13-2025। कार्य का विवरण:** एसएसई (पी.वे)/कांथी के अधिकार क्षेत्र के अधीन तमलुक-दीघा खंड के बीच ट्रैक रखरखाव की दिशा में विविध पी.वे. कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,04,62,318.89। **बयाना राशि:** ₹ 2,02,300। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 08 महीना। **क्रम संख्या:** 5। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-ईस्ट-28-2025। कार्य का विवरण:** डीईएन/ईस्ट/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन हावड़ा-खड़गपुर खंड में सम्पूर्ण स्लीपर नवीकरण (प्राथमिक) अर्थात टीएसआर (पी)-29.617 टीकिमी. का संपादन। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,78,53,451.05। **बयाना राशि:** ₹ 4,39,300। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **क्रम संख्या:** 6। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-ईस्ट-29-2025। कार्य का विवरण:** शालीमार में वर्तमान एआरएम बिल्डिंग का 60 शय्या वाले रनिंग रूम में रूपांतरण एवं जीर्णोद्धार। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,31,24,165.26। **बयाना राशि:** ₹ 3,15,600। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीना। **क्रम संख्या:** 7। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-ईस्ट-30-2025। कार्य का विवरण:** डीईएन/ईस्ट/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन सांतरागाछी में पुराने एफओबी की डिस्मैंटलिंग कार्य का सम्पादन। **निविदा मूल्य:** ₹ 35,17,528.24। **बयाना राशि:** ₹ 70,400। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 07 महीना। **क्रम संख्या:** 8। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-साउथ-16-2025। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ डीईएन/साउथ/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन खड़गपुर-भद्रक खंड में 59.820 ट्रैक्शन किमी. तथा 10 पॉइंट्स एंड क्रॉसिंग्स का सम्पूर्ण बैलास्ट नवीकरण अर्थात टीबीआर का संपादन (तृतीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,71,22,766.29। **बयाना राशि:** ₹ 4,35,600। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **क्रम संख्या:** 9। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-वेस्ट-13-2025। कार्य का विवरण:** डीईएन/वेस्ट/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन नीमपुरा-गोकुलपुरा खंड में समपार संख्या केवाई-12 के इंटरलॉकिंग के सम्बन्ध में 01 अदद फाटक गुमटी (जिसमें शामिल हैं 4.2 मी.x 3.1 मी., 3.2 मी. x 3.1 मी., 2.5 मी.x 3.1 मी. आकार के 3 रूम) का निर्माण। **निविदा मूल्य:** ₹ 18,42,325.08। **बयाना राशि:** ₹ 36,900। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीना। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 से 9 प्रत्येक के लिए)। **खुलने की तारीख:** 15.04.2025 (क्रम संख्या 1 के लिए), 17.04.2025 (क्रम संख्या 2 से 7 प्रत्येक के लिए), 21.04.2025 (क्रम संख्या 8 के लिए) एवं 28.04.2025 (क्रम संख्या 9 के लिए)। **बोली शुरू होने की तारीख:** 01.04.2025 से 15.04.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक (क्रम संख्या 1 के लिए), 03.04.2025 से 17.04.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक (क्रम संख्या 2 से 7 प्रत्येक के लिए), 07.04.2025 से 21.04.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक (क्रम संख्या 8 के लिए) एवं 14.04.2025 से 28.04.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक (क्रम संख्या 9 के लिए)। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। **(PR-04)**

## छह महीने से सांसद नहीं, बशीरहाट में जल्द उपचुनाव की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र में उप-चुनाव की मांग को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। यह याचिका बशीरहाट के 14 मतदाताओं, जिनमें गौतम राय भी शामिल हैं, ने दायर की है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की बेंच में होगी।

दरअसल, बशीरहाट के पूर्व सांसद हाजी नूरुल इस्लाम का निधन 25 सितंबर 2024 को हो गया था। उनके निधन के बाद से यह सीट खाली है, लेकिन अब तक चुनाव आयोग ने उपचुनाव की कोई घोषणा नहीं की है।

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 151(ए) के अनुसार, किसी भी संसदीय क्षेत्र में सांसद पद अधिकतम 6 महीने तक खाली नहीं रह सकता। ऐसे में चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह वहां उपचुनाव कराए। सांसद पद खाली रहने के कारण क्षेत्र के लोग अपने संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित हो रहे हैं। सांसद निधि से होने वाले विकास कार्य भी रुके हुए हैं।

बशीरहाट लोकसभा सीट पर 7 मई 2024 को आम चुनाव हुए थे, जिसमें तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार शेख हाजी नूरुल इस्लाम ने जीत दर्ज की थी। 4 जून को नतीजे घोषित हुए, लेकिन 25 सितंबर को उनका निधन हो गया। इसके बाद से यह सीट रिक्त पड़ी है। अब हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई जल्द हो सकती है।

## रामनवमी पर अशांति की आशंका, नवान्न ने पुलिस की छुट्टियां की रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल पुलिस ने निर्देश जारी किया है कि 2 अप्रैल से 9 अप्रैल तक किसी भी पुलिस कर्मी को छुट्टी लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतिरिक्त डीजीपी (प्रशासन और कानून व्यवस्था) ने हाल ही में यह आदेश जारी किया है। दिशानिर्देशों में राज्य के आईजीपी, सीपी, डीआईजी, जिला पुलिस अधीक्षक, आरपी और विशेष बल अधिकारियों को स्पष्ट रूप से सूचित किया गया है कि उक्त विशिष्ट अवधि के दौरान छुट्टी नहीं दी जा सकती। हालांकि, अत्यधिक आपातकालीन स्थितियों या अत्यधिक आवश्यकता के मामलों में छुट्टी के आवेदन पर विचार किया जा सकता है। हालांकि, इस प्रतिबंध का विशिष्ट कारण नहीं बताया गया है। लेकिन, माना जा रहा है कि रामनवमी में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि हर साल रामनवमी के अवसर पर राज्य में कई स्थानों पर धार्मिक जुलूस निकाले जाते हैं और कभी-कभी तनाव भी पैदा हो जाता है।

### रामनवमी के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए कदम उठाए जाएंगे : राज्यपाल

राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने मंगलवार को आश्वासन दिया कि रामनवमी का आयोजन शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जायेंगे। बोस ने राजभवन में कहा कि रामनवमी शांति और सौहार्द का पर्व है और इस उत्सव के दौरान ऐसा कुछ नहीं होना चाहिए जो समाज में अशांति फैलाए। पिछली बार जब कुछ असामाजिक घटनाएं हुई थीं, तब मैं स्वयं मौके पर मौजूद था। बोस ने कहा कि मैंने देखा है कि आम लोगों की भावनाएं स्पष्ट हैं। वे शांति चाहते हैं, टकराव नहीं। हर संबंधित पक्ष को मिलकर काम करना चाहिए ताकि राम नवमी का आयोजन शांतिपूर्वक हो सके। हम इसे सुनिश्चित करने के लिए कदम उठायेंगे।

## जगद्दल गोलाबारी मामले में भाजपा नेता अर्जुन सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

- पूर्व सांसद ने का दावा, फर्जी एफआईआर के खिलाफ जाएंगे हाईकोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परहना जिला के भाटपाड़ा में बमबारी और गोलीकांड को लेकर भाजपा नेता अर्जुन सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। बता दें कि पुलिस ने उन्हें तीन बार नोटिस भेजकर तलब किया था, लेकिन पेश न होने पर अदालत ने यह वारंट जारी किया है। अर्जुन सिंह ने खुद इस बात की पुष्टि की है कि बैरकपुर एसीजेएम अदालत ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। उल्लेखनीय है कि बीते बुधवार को भाटपाड़ा नगरपालिका के वार्ड 18 में अर्जुन सिंह के घर के सामने गोलीबारी की घटना हुई थी। इस मामले में तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय



नेता सोमनाथ श्याम ने अर्जुन सिंह पर आरोप लगाया था। घटना की जांच के सिलसिले में पुलिस ने अर्जुन सिंह के घर पर छापेमारी कर कुछ वस्तुएं जब्त की थीं। इसके बाद, पुलिस ने उन्हें तीन बार पूछताछ के लिए बुलाया, लेकिन वे पेश नहीं हुए। गिरफ्तारी से बचने के लिए अर्जुन सिंह ने कोलकाता हाई कोर्ट का रुख किया था। उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया है और अगर उन्हें गिरफ्तार किया गया तो जेल में उनकी हत्या हो सकती है। इसके बावजूद पुलिस ने मंगलवार को बैरकपुर अदालत में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की मांग की, जिसे स्वीकार कर लिया गया। इस दिन, अर्जुन सिंह ने कहा कि मैंने आज सुबह उच्च न्यायालय में मामला दायर किया है। पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर मेरे खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। वह एफआईआर फर्जी है। इसके अलावा, मुझे इस अदालत (बैरकपुर लोअर कोर्ट) पर कोई भरोसा नहीं था। इसीलिए मैं उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा रहा हूं। मैं कानूनी लड़ाई के लिए तैयार हूं। अर्जुन ने यह भी आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी उनके खिलाफ साजिश कर रही है। यह मामला भी ऐसा ही एक मामला है।

## केंद्र का ई-गवर्नेंस पुरस्कार पाएंगे बंगाल के 7 पंचायत

**कोलकाता :** राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार के लिए पश्चिम बंगाल के सात पंचायतों का नाम नामित किया गया है। ये पंचायतें अलग-अलग जिलों से हैं, जिनमें अलीपुरद्वार, हावड़ा, उत्तर 24 परगना, पश्चिम मेदिनीपुर, पूर्व मेदिनीपुर, पुरुलिया और हुगली शामिल हैं।

राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने इन पंचायतों को सूचित किया है और 1 अप्रैल तक ई-गवर्नेंस से जुड़ी जानकारियों पर एक वीडियो तैयार करने को कहा है, जिसे आगे केंद्रीय पंचायत मंत्रालय को भेजा जाएगा। इसके आधार पर अंतिम चयन होगा।

चयनित पंचायतों ने अपने जिलों में ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। इन पंचायतों में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। ऑनलाइन सेवाओं के कारण पारदर्शिता बढ़ी है और लोग घर बैठे पंचायत सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। शिकायतों का भी त्वरित समाधान हो रहा है, क्योंकि राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ऑनलाइन मॉनिटरिंग कर रहा है। अगर कोई समस्या हल नहीं होती, तो मामला राज्य प्रशासन के संज्ञान में आता है, जिससे तेजी से कार्रवाई की जाती है।

ई-गवर्नेंस के इन प्रयासों के कारण बंगाल के ये सात पंचायत देशभर में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 28.03.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-265-24-25, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/III/सियालदह के कार्यक्षेत्र में ठेकेदारों के निजी पोर्टल (2 अदद) का उपयोग करते हुए रानाघाट-कृष्णनगर, कालीनारायणपुर-शांतिपुर, रानाघाट-गेदे और कृष्णनगर-लालगोला शाखा में सीटीआर (पी)=32.022 टीकेएम कार्य के साथ अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,50,25,896.85, **बयाना राशि :** रु.6,25,100/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन-271-24-25, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/III/सियालदह के अधीन ठेकेदारों के निजी पोर्टल (2 अदद) का उपयोग करते हुए कृष्णनगर-लालगोला शाखा में सीटीआर (पी)= 32.368 टीकेएम कार्य के साथ अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.9,51,28,109.61, **बयाना राशि :** रु.6,25,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.04.2025 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 24.04.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-01/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## नंदीग्राम में राम मंदिर की आधारशिला रामनवमी के दिन रखी जाएगी : शुभेंदु अधिकारी

**पूर्व मेदिनीपुर/कोलकाता :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र नंदीग्राम में 'अयोध्या जैसा भव्य राम मंदिर' बनाया जाएगा और इसकी आधारशिला छह अप्रैल को रामनवमी के दिन रखी जाएगी। विपक्ष के नेता ने अपने गृह जिले पूर्व मेदिनीपुर में पत्रकारों से कहा कि सोनाचुरा में शिलान्यास समारोह से पहले भांगबेरा से सोनाचुड़ा तक एक भव्य जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें सभी दुर्गा पूजा और स्थानीय मंदिर समितियों के प्रतिनिधियों के अलावा हिंदू धार्मिक संगठन और सामुदायिक क्लब भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित मंदिर के लिए स्थल



योजना को मंजूरी दे दी गयी है। मंदिर करीब 1.5 एकड़ भूमि पर बनेगा। प्रस्तावित मंदिर में अयोध्या के राम मंदिर की विशेषताएं होंगी। उन्होंने कहा कि नंदीग्राम में राम मंदिर पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा राम मंदिर होगा। यह भगवान राम के प्रति राज्य के करोड़ों हिंदुओं की भक्ति को दर्शाएगा।

## बागुईआटी में बार डांसर की रहस्यमय मौत, जन्मदिन के अगले दिन रक्तरंजित शव बरामद

### पुलिस ने मृतका के पुरुष मित्र को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बागुईआटी में एक बार डांसर की रहस्यमय मौत का मामला सामने आया है। जन्मदिन के अगले दिन मंगलवार की सुबह फ्लैट से उसका रक्तरंजित शव बरामद किया गया। गर्दन पर गहरा घाव पाया गया है। पुलिस ने मृतका के पुरुष मित्र को फ्लैट से गिरफ्तार किया है। सोमवार की रात को वास्तव में क्या हुआ था? युवती की मृत्यु कैसे हुई? पुलिस ने इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान मनीषा रॉय के रूप में की गई है। वह बागुईआटी देशबंधुनगर की निवासी थी। पता चला है कि सोमवार को मनीषा का जन्मदिन था। बताया जा



रहा है कि युवती का दोस्त अंतर्यामी सोरेन ओडिशा से उसका जन्मदिन मनाने के लिए उसके फ्लैट पर आया था। बताया जा रहा है कि वहां रात को पार्टी भी मनाई गई। इस दिन, सुबह में बागुईआटी थाने को सूचना मिली कि देशबंधुनगर स्थित एक फ्लैट में एक महिला की मौत हो गई है। जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो उन्होंने तीसरी मंजिल के अपार्टमेंट का गेट बंद पाया। पुलिस ने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो देखा कि अंदर अंतर्यामी सोरेन नाम का युवक है और उसकी आंखों में डर साफ झलक रहा था। युवक पुलिस को भीतर कमरे में ले गया। जहां बार डांसर मनीषा का शव बिस्तर पर पड़ा हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने तुरंत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गर्दन पर गहरे चोट के निशान मिले हैं। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि उसकी गला घोंटकर हत्या की गई है। लेकिन, सोमवार की रात को वास्तव में क्या हुआ? पुलिस ने इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। पुलिस को उम्मीद है कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ करके उन्हें काफी जानकारी मिलेगी।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# संपत्ति कर बकाया रखने पर 20% तक जुर्माना, बिधाननगर नगर निगम सख्त

**कोलकाता :** बिधाननगर नगर निगम ने संपत्ति कर बकाया रखने वालों पर सख्ती बढ़ा दी है। अब जितने वर्षों का कर बकाया रहेगा, उस पर 10% वार्षिक ब्याज और 10% एकमुश्त जुर्माना जोड़ा जाएगा। यह कड़ा नियम 2023-24 से लागू है, लेकिन इस साल से इसे और सख्त किया जाएगा।

नगर निगम जल्द ही केंद्रीय कर प्रणाली अपनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है, जिससे यूनिट



एरिया असेसमेंट के जरिए निवासी खुद अपना कर निर्धारित कर सकेंगे। लेकिन अभी भी कई निवासी वर्षों से कर बकाया रखे हुए हैं। नगर निगम ने उन्हें जल्द से जल्द भुगतान करने की चेतावनी दी है।

2015 में राजरहाट-गोपालपुर नगर पालिका के बिधाननगर में विलय के बाद कर प्रणाली में जटिलताएं आईं, जिसे दूर करने के प्रयास हुए। निगम ने ऑनलाइन कर रिकॉर्ड भी अपडेट किए, लेकिन कई लोगों ने कर नहीं चुकाया। निगम का मानना है कि कुछ लोग भ्रम का बहाना बनाकर जानबूझकर कर नहीं भर रहे हैं।

बिधाननगर नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि जिनका कर बकाया है, वे जल्द से जल्द भुगतान करें। यदि किसी को कोई संदेह है, तो वे अपने बोरो ऑफिस या मुख्य कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। नगर निगम का कहना है कि समस्या का समाधान किया जाएगा, लेकिन कर बकाया रखना अब स्वीकार्य नहीं होगा।

रजारहाट-गोपालपुर क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या यह है कि कई घरों के पास हॉल्डिंग नंबर या पोस्टल एड्रेस नहीं है, जिससे संपत्ति का म्यूटेशन और कर निर्धारण मुश्किल हो रहा है। संपत्ति कर और असेसमेंट विभाग के मेयर परिषद सदस्य देबराज चक्रवर्ती के अनुसार, सरकार के भूमि एवं राजस्व विभाग के साथ मिलकर इस समस्या के समाधान की प्रक्रिया जारी है। निगम ने चेतावनी दी है कि अब संपत्ति कर वसूली को लेकर कड़े कदम उठाए जाएंगे।

# राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर नियम के तहत लगेंगे बैरिकेड, हाईकोर्ट ने राज्य को दिए सख्त निर्देश

**कोलकाता :** कोलकाता हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर बैरिकेड्स और गार्डरेल लगाने को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। अदालत ने राज्य सरकार को इस संबंध में उचित गाइडलाइन जारी करने का आदेश दिया है। यह निर्देश एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान आया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि बिना किसी नियम के मनमाने तरीके से बैरिकेड लगाने के कारण सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं।

यह जनहित याचिका ध्रुव मुखोपाध्याय नामक व्यक्ति ने दायर की थी। उनके वकील नीलांजन भट्टाचार्य ने तर्क दिया कि हाल ही में एक बैरिकेड के कारण सड़क



दुर्घटना में बर्धमान अदालत के एक वकील की मौत हो गई थी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कोर्ट में बताया कि वे खुद बैरिकेड नहीं लगाते, जबकि पुलिस का कहना था कि बैरिकेड्स हाईवे अथॉरिटी द्वारा ही लगाए जाते हैं।

राज्य सरकार ने अदालत में तर्क दिया कि रात में यातायात नियंत्रण और बाहरी राज्यों से आने वाले मालवाहक वाहनों की निगरानी के लिए बैरिकेड्स जरूरी हैं। उनका कहना था कि यदि इन्हें हटा दिया जाए तो सड़क सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति चैताली चट्टोपाध्याय की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि बैरिकेड्स इस तरह लगाए जाएं कि रात में कम से कम 100 मीटर की दूरी से ही वे साफ दिखाई दें। कोर्ट ने यह भी कहा कि मनमाने तरीके से बैरिकेड लगाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जल्द से जल्द इस संबंध में एक स्पष्ट निर्देशिका जारी करने का आदेश दिया है।

## हावड़ा और रक्सौल के बीच चलेगी समर स्पेशल ट्रेन, यात्रियों को मिलेंगी 1700 बर्थ

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे द्वारा हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। जिससे 1700 अतिरिक्त बर्थ्स उपलब्ध होंगी। यह विशेष ट्रेन यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। समर स्पेशल ट्रेन 03043 हावड़ा-रक्सौल 12 अप्रैल को रात 11:00 बजे हावड़ा से रवाना होकर अगले दिन अपराह्न 4:15 बजे रक्सौल पहुंचेगी। वहीं, समर स्पेशल ट्रेन 03044 रक्सौल-हावड़ा 13 अप्रैल को शाम 5:30 बजे रक्सौल से रवाना होकर अगले दिन सुबह 10:45 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशा में वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह जैसे प्रमुख 15 स्टेशनों पर रुकेंगी। इस ट्रेन में जनरल सेकेंड क्लास, स्लीपर क्लास और एसी कोच की व्यवस्था है।

## कोलकाता हाईकोर्ट में कार्य बहिष्कार, दागी जज की तबादला पर विरोध

**कोलकाता :** दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश दिनेश कुमार शर्मा को कोलकाता हाईकोर्ट में स्थानांतरित करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ कोलकाता हाईकोर्ट के वकील सड़कों पर उतर आए हैं। वकीलों ने मंगलवार दोपहर तीन बजे तक कार्य बहिष्कार का ऐलान किया। उनका कहना है कि जिन न्यायाधीश पर अनैतिक कार्यों का आरोप है, उन्हें कोलकाता हाईकोर्ट में भेजना गलत है। वकील इस फैसले को डंपिंग ग्राउंड की तरह मानते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

दिनेश कुमार शर्मा पर आरोप है कि उन्होंने कई मामलों में अनैतिक तरीके से निर्णय लिए और अपने रजिस्टर में मामलों को रखने के लिए नियमों का उल्लंघन किया।



हालांकि, सुप्रीम कोर्ट में इस आरोप का कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है। इस फैसले के विरोध में कई वकील संगठनों ने भी आवाज उठाई और कहा कि इससे कोलकाता हाईकोर्ट की प्रतिष्ठा पर असर पड़ेगा। वकीलों ने इस निर्णय को वापस लेने की अपील करते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को भी पत्र लिखा है।

## सियालदह डिवीजन में स्वच्छता जागरूकता अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे अपने रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छ और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लगातार कार्य करती है। सियालदह डिवीजन के पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग ने रेलवे सुरक्षा बल के सक्रिय सहयोग से मंगलवार को सियालदह डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मलिकपुर और जादवपुर स्टेशनों पर आयोजित किया गया, जहां यात्रियों, विक्रेताओं और रेलवे उपयोगकर्ताओं को स्वच्छता बनाए रखने, कचरा निपटान की सही प्रक्रिया और रेलवे परिसर में थूकने पर प्रतिबंध के बारे में समझाया गया। वहीं, एक अनोखी पहल के तहत,




जो विक्रेता और ठेले वाले स्टेशन परिसर में गंदगी करते पाए गए, उन्हें गुलाब का फूल भेंट किया गया। पूर्व रेलवे ने 'गुलाब अभियान' की शुरुआत कई स्टेशनों पर की है, जो स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रतीकात्मक कदम है। हालांकि, स्वच्छता मानदंडों का उल्लंघन करने वालों के लिए कड़ी जुर्माना प्रक्रिया लागू है, यह पहल सकारात्मक सुदृढ़ीकरण का एक तरीका है। पूर्व रेलवे द्वारा स्वच्छता बनाए रखने के लिए यात्रियों से लगातार अपील की जाती है।

## इंडियन म्यूजियम में बम की अफवाह, लोगों में मचा हड़कंप

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऐतिहासिक इंडियन म्यूजियम में मंगलवार को बम की अफवाह से हड़कंप मच गया। सुबह म्यूजियम प्रशासन को अज्ञात आईडी से ईमेल मिला, जिसमें लिखा था कि म्यूजियम में बम रखा गया है। इसके बाद, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए म्यूजियम को खाली करा दिया गया। म्यूजियम के बाहर गार्डरेल से घेराबंदी कर दी गई। म्यूजियम की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की ओर से स्थानीय न्यू मार्केट थाने को इसकी जानकारी दी गई। बम निरोधी दस्ता मौके पर पहुंचा और म्यूजियम के चप्पे-चप्पे की सघन तलाशी शुरू की, हालांकि बम नहीं मिला।



इंडियन म्यूजियम में 51 से अधिक कक्ष हैं। पुलिस ईमेल के आईपी एड्रेस व अन्य तकनीकी माध्यमों से ईमेल भेजने वाले का पता लगाने की कोशिश कर रही है। प्राथमिक तौर पर अनुमान है कि एक अप्रैल पर बेवकूफ बनाने के लिए किसी ने इस तरह की शरारत की है।

## 2024-25 में मेट्रो से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 21.81 करोड़ के पार

**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे ने वित्त वर्ष 2024-25 में 21.81 करोड़ यात्रियों को सफर कराया। यह आंकड़ा 2023-24 के 19.25 करोड़ यात्रियों की तुलना में 13.30% अधिक है। फिलहाल, कोलकाता मेट्रो की सेवाएं ब्लू लाइन, ग्रीन लाइन, पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन पर उपलब्ध हैं।

ब्लू लाइन (दक्षिणेश्वर से कवी सुभाष) ने 2024-25 में 18.93 करोड़ यात्रियों को सफर कराया, जो 2023-24 के 17.94 करोड़ यात्रियों से 5.51% अधिक है। ग्रीन लाइन-2 (हावड़ा मैदान से एस्प्लानेड) ने हुगली नदी के नीचे मेट्रो सेवा शुरू होने के बाद 1.39 करोड़ यात्रियों को यात्रा कराई।

ग्रीन लाइन-1 (सियालदह से



साल्ट लेक सेक्टर 5) पर 2024-25 में 1.41 करोड़ यात्रियों ने सफर किया, जो पिछले वित्त वर्ष के 1.22 करोड़ की तुलना में 15.57% अधिक है।

पर्पल लाइन (जोका से माझेरहाट) में 1.76 लाख यात्रियों ने सफर किया, जो 2023-24 के 1.34 लाख की तुलना में 31.34% अधिक है। वहीं, ऑरेंज लाइन (कवी सुभाष से हेमंत मुखोपाध्याय) में 5.92 लाख यात्रियों ने यात्रा की।

## जीतो विश्व नवकार मंत्र दिवस - बेलगछिया पार्श्वनाथ मंदिर में श्रावक समाज को शामिल होने की अपील

**कोलकाता, समाज्ञा :** जीतो के विश्व नवकार मंत्र दिवस अभियान के तहत बेलगछिया पार्श्वनाथ मंदिर में एक भव्य आयोजन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन 105 ऐलक श्री गोशल सागर जी महाराज के सानिध्य में हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य नवकार मंत्र के वैश्विक प्रचार-प्रसार के प्रति लोगों को जागरूक करना था, और सभी ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में जीतो के चेयरमैन धर्मेंद्र जैन और कन्वेनर श्री दिनेश जैन गंगवाल की विशेष उपस्थिति रही। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने 105 ऐलक श्री गोशल सागर जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।



इस आयोजन में प्रमुख रूप से विशिष्ट अतिथि के रूप में निर्मल जैन, सुनील पहाड़िया, दिनेश गंगवाल, संजय काला (इस्पात), विनोद संचेती, सुधीर जैन, चंद्रेश (रोमी) मेधाणी, नरेंद्र बरडीया, पदीप पटवा उपस्थित रहे। वहीं, अन्य गणमान्य श्रद्धालु सुदीप जैन, रमेश जैन, दिलीप कुमार बोहरा, पराश जैन, नवीन जैन, राजीव जैन, अनीता गंगवाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने परिवार सहित भाग लिया और नवकार मंत्र के प्रचार-प्रसार हेतु संकल्प लिया।

## ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने प्ले एन-वोग थीम के तहत एट-लीजर स्टाइल को नए अंदाज में किया पेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने अपनी प्रतिष्ठित यात्रा का समापन गुवाहाटी में किया। जहां प्ले एन-वोग थीम के तहत एट-लीजर स्टाइल को एक नए और आधुनिक रूप में प्रस्तुत किया गया। यह भव्य आयोजन गुवाहाटी के ग्रीनवुड रिजॉर्ट में हुआ, जहां फैशन की दुनिया के प्रमुख डिजाइनरों-नितिन बाल चौहान, अभिषेक पाटनी और पवन सचदेवा ने अपने अनोखे कलेक्शन पेश किए। शो का आकर्षण शोस्टॉपर ईशान खट्टर रहे, जिन्होंने अपनी दमदार उपस्थिति से रैंप पर चार चांद लगा दिए। इस शो में रैपर्स कृष्णा और कर्मा ने भी अपने प्रदर्शन से माहौल को जीवंत किया। एफडीसीआई के सहयोग से आयोजित इस इवेंट ने फैशन की सीमाओं को चुनौती दी और गुवाहाटी को उच्च फैशन के रंग में रंग दिया। डिजाइनरों ने अपने कलेक्शन में एक्सपेरिमेंटल सिलुएट्स, बोल्ड ग्राफिक्स और असिमेट्रिकल कट्स को शामिल किया। इस शोकेस ने फैशन के परंपरागत नियमों को तोड़ते हुए रचनात्मकता और स्टाइल का अनोखा मिश्रण प्रस्तुत किया, जिससे गुवाहाटी में एक नई फैशन धारा का प्रवाह हुआ।

## गोड्डा-रांची-गोड्डा एक्सप्रेस में जोड़े गए अतिरिक्त स्लीपर कोच

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे द्वारा लोकप्रिय एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने की प्रक्रिया लगातार जारी है। इस कड़ी में, गोड्डा-रांची-गोड्डा एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से एक अतिरिक्त स्लीपर क्लास कोच जोड़ने का निर्णय लिया गया है, ताकि यात्रियों की बढ़ी हुई मांग को पूरा किया जा सके। यह अतिरिक्त स्लीपर क्लास कोच 18619/18620 रांची-गोड्डा-रांची एक्सप्रेस में जोड़ा जाएगा, जो रांची से 01 अप्रैल से 30 जून तक और गोड्डा से 02 अप्रैल से 01 जुलाई तक चलेगी। इससे प्रत्येक यात्रा में 72 अतिरिक्त बर्थ्स प्रदान की जाएंगी और अब यह ट्रेन 16 कोचों के बजाय 17 कोचों के साथ चलेगी।

## वैश्विक टैरिफ वॉर के बीच इंडिया इंक की स्थिति मजबूत : केयरएज रेटिंग्स

**कोलकाता :** केयरएज रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही के लिए क्रेडिट क्वालिटी का मूल्यांकन किया, जिसमें क्रेडिट रेशियो 2.35 गुना तक मजबूत हुआ, जबकि पहली छमाही में यह 1.62 था। इस अवधि में 386 अपग्रेड और 164 डाउनग्रेड हुए। मजबूत घरेलू खपत और सरकारी खर्च के चलते अपग्रेड दर 12% से बढ़कर 14% हुई, जबकि एनबीएफसी, लौह-इस्पात, रसायन और कट-एंड-पॉलिश्ड डायमंड जैसे सेक्टर्स में दबाव के कारण डाउनग्रेड दर 6% रही। केयरएज रेटिंग्स के कार्यकारी निदेशक सचिन गुप्ता ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद इंडिया इंक की स्थिति मजबूत है, लेकिन अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक प्रतिस्पर्धा आगे की राह कठिन बना सकते हैं।

## सीकर भवन में धूमधाम से मनाया गया नवसंवत्सर और गणगौर उत्सव

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय संस्कृति के अनूठे रंगों से सजे नवसंवत्सर और गणगौर पर्व को सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा सीकर भवन में बड़े हर्षोल्लास और परंपरागत श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन वर्षा मिमानी और संध्या अजमेरा द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम का संचालन संगीता करेल और संयोजिका सुनीता लोहिया ने किया। विशेष प्रस्तुतियों में राजस्थानी लोकगीत, पारंपरिक नृत्य, एक हास्य लघु नाटिका, खेल और गणगौर से जुड़े सांस्कृतिक गीतों ने पूरे माहौल को राजस्थानी संस्कृति के रंग में सराबोर कर दिया। इस दौरान महिलाओं ने गणगौर माता की पूजा करते हुए मंगल गीत गाए। वहीं बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। संयोजिका टीना सिंघी ने गवरजा माता की सजावट के लिए विजेताओं का आभार व्यक्त किया। सीकर नागरिक परिषद के सचिव रवि शंकर



सीकरिया ने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि नवसंवत्सर और गणगौर केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व हैं।

यह उत्सव विगत 11 वर्षों से अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद सोभासरिया की प्रेरणा से सीकर भवन में परंपरागत रूप से मनाया जा रहा है। अध्यक्ष अरविंद कुमार बियानी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभा सीकरिया, प्रीति बियानी, रेखा चौधरी, अपर्णा शर्मा, किरण सोढ़ानी, रश्मि सराफ, प्रीति बियानी, ललिता सारडा, चंचल मित्तल, मंजु अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष दामोदर प्रसाद बिदावतका, कमल प्रसाद चौधरी, रवि लोहिया, श्रीमोहन चौधरी, रतन सीकरिया, राजकुमार अग्रवाल, रामोतार अग्रवाल, आदित्य विक्रम बियानी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## विक्रम संवत नव वर्ष महोत्सव समिति ने नव वर्ष 2082 का उद्घाटन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कोलकाता, समाज्ञा :** विक्रम संवत नव वर्ष महोत्सव समिति द्वारा नव वर्ष 2082 का स्वागत और सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन गुरुकुल के विद्यार्थियों और उपस्थित बालक-बालिकाओं द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति दीनदयाल गुप्ता, मुरारीलाल खैतान, बनवारीलाल सोत्ती, डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी, आचार्य योगेश शास्त्री, महेंद्र जैन, अरुण भुवालका, विनोद केडिया, अशोक अग्रवाल, श्याम सुंदर सोंथालिया, अजय सराफ और नारायण प्रसाद चौधरी मंच पर उपस्थित थे और उन्होंने दीप प्रज्वलन में बच्चों का साथ दिया। इसके बाद, महाराजा विक्रमादित्य के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।

इस कार्यक्रम में श्याम अग्रवाल और उनके साथी कलाकारों ने नृत्य नाटिका और गीत गायन की प्रस्तुति




दी। गुरुकुल के विद्यार्थियों ने वेद मंत्रों का गायन किया, जबकि अन्य बालक-बालिकाओं ने मंत्रोच्चारण और भजन गायन किया। 5 वर्षीय बालक श्रीवत्स चौधरी ने शिव तांडव का अद्भुत गायन करके सभी का मन मोह लिया, जिससे यह प्रमाणित हुआ कि हमारी नई पीढ़ी में सनातन धर्म के संस्कार आज भी जीवित हैं।

नारायण प्रसाद चौधरी ने विक्रम संवत की महत्ता पर प्रकाश डाला और बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नव वर्ष इसलिए मनाते हैं, क्योंकि इसी दिन सूर्य की प्रथम किरण पृथ्वी पर स्पर्श करती है, जिससे काल गणना का प्रारंभ होता है। यह काल गणना वैदिक-सनातन-हिन्दू धर्म का आधार है, और इसके अनुसार ही सभी धार्मिक कार्य होते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी में सनातन संस्कारों को जागृत करना था, और इस अवसर पर उपस्थित सभी बालक-बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। यह कार्यक्रम नई पीढ़ी को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। नव वर्ष के कार्यक्रम के लिए प्रथम से ही अरविंद बियानी का योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पवन लोहिया, अजय सराफ, काशी प्रसाद ढेलिया, कुंज बिहारी गुप्ता, प्रेम कुमार सेठिया, संपत सिंघानिया, राकेश पारीक, नवीन तुलस्यान, किशन धानुका, बालकिशन झुनझुनवाला और चंदन लोहिया का विशेष योगदान रहा। इसके अतिरिक्त, वेद्य लक्ष्मण व्यास, महेश शर्मा (पार्षद), संजय अग्रवाल (बबलू) और प्रवीण अग्रवाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## भारत की पहली 7300एमएएच बैटरी के साथ 11 अप्रैल को लॉन्च होगा आईक्यूओओ जेड10

**नई दिल्ली/कोलकाता :** आईक्यूओओ भारत में 11 अप्रैल को आईक्यूओओ जेड10 सीरीज लॉन्च करने के लिए तैयार है। यह देश का पहला 7300एमएएच बैटरी वाला स्मार्टफोन है, जो 0.789 सेमी मोटाई के साथ सबसे पतला भी है। स्नैपड्रैगन 7एस जेन 3 प्रोसेसर और 8.2 लाख+ अंतुतु स्कोर के साथ, इसमें 5000 निट्स ब्राइटनेस वाला क्वाड कर्व्ड एमोलेड़ डिस्प्ले है। 90डब्ल्यू फ्लैशचार्ज इसे पावरफुल बनाता है। कंपनी आईक्यूओओ जेड10एक्स भी लॉन्च करेगी, जो डीमेंसिटी 7300 प्रोसेसर और 6500एमएएच बैटरी के साथ आएगा। आईक्यूओओ जेड10 सीरीज का निर्माण वीवो के ग्रेटर नोएडा प्लांट में होगा। ग्राहकों को सेवा के लिए 670+ सर्विस सेंटर मिलेंगे।

## बनगांव में दिव्यांग महिला से दुष्कर्म के आरोप में दिहाड़ी मजदूर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बनगांव में एक दिहाड़ी मजदूर पर एक दिव्यांग महिला से दुष्कर्म का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि घर के बगल के बगीचे की सफाई के दौरान आरोपी मजदूर ने घटना को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, यह सनसनीखेज घटना मंगलवार की दोपहर बनगांव थाना अंतर्गत बसाकपाड़ा इलाके में घटी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, एक दिहाड़ी मजदूर बसाकपाड़ा इलाके में एक घर में बगीचे की सफाई करने गया था। वह सुबह से ही घर के बाहर यह काम कर रहा था। पता चला है कि दिव्यांग महिला अपने बुजुर्ग माता-पिता के साथ घर पर रहती है। वह महिला बहरी और गूंगी है। उनके बुजुर्ग पिता अंधे हैं। बुजुर्ग मां पास की एक दुकान में काम करती है। मौके का फायदा उठाकर आरोपी घर में घुस आया। आरोप है कि दिव्यंग महिला का मुंह बंद करके उसके साथ दुष्कर्म किया गया। उसी समय महिला का चाचा घर पर आया। आरोपी ने उसे देखकर भागने की कोशिश की। लेकिन उससे पहले ही उस आदमी को घर के अंदर बंद कर दिया गया। स्थानीय लोगों को सूचित किया गया। इसके तुरंत बाद यह खबर बनगांव पुलिस तक पहुंच गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। परिवार द्वारा पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। बताया गया है कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## कोलकाता एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स ने म्यांमार के शहीद एटीसीओस को श्रद्धांजलि अर्पित की

**कोलकाता, समाज्ञा :** म्यांमार की नई राजधानी नायप्यीडॉ में हाल ही में आए भूकंप के दौरान कर्तव्य पर रहते हुए जान गंवाने वाले नायप्यीडॉ एटीसी कंट्रोल टावर के एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कोलकाता एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स ने मंगलवार को दो मिनट का मौन रखा। यह आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट, कोलकाता के नए तकनीकी भवन में एटीसी गिल्ड (एक) ईस्टर्न रिजन के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर निवेदिता दुबे, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, प्रवात रंजन बीरूआ, एयरपोर्ट निदेशक, तथा एटीएम, सीएनएस, मानव संसाधन,



इंजीनियरिंग और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स के समर्पण और बलिदान को सम्मानित किया गया। इस भयानक त्रासदी में म्यांमार के चार एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स की जान चली गई, ले औंग (सहायक महाप्रबंधक), थाव थाव हेट को को (सहायक प्रबंधक), हनी रन (एटीसी अधिकारी ग्रेड-खख), और श्रीमती नाइंग नाइंग माव (एटीसी अधिकारी ग्रेड-खख)। कोलकाता एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं और म्यांमार के अपने समकक्षों के प्रति सहानुभूति और समर्थन का संदेश भेजा है।

## उधार के पैसे वापस नहीं मिलने पर सूद-खोरों ने सास के घर पर की लूटपाट

❑ **दामाद ने ऊंची ब्याज पर चार हजार रुपये लिये थे उधार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दामाद ने ऊंची ब्याज पर चार हजार रुपये उधार लिया था और पैसे चुकाने में असमर्थ होने पर सूदखोरों ने सास के घर में घुसकर सारा सामान लूट लिया। जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार की रात बारासात थाना अंतर्गत नबपल्ली चक्रवर्ती पाड़ा में हुई। सोमवार को बुजुर्ग सास शिखा मंडल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पीड़िता शिखा मंडल के दामाद ने दत्तपुकुर थाना अंतर्गत नीलगंज निवासी एक व्यक्ति से ऊंची ब्याज पर 4,000 रुपये उधार लिया था। लेकिन, जब वह पैसे नहीं चुका पाया तो साहूकार ने रविवार की शाम को उसकी सास के घर पर हमला कर



दिया। उस समय शिखा घर पर नहीं थीं। रात को जब वह घर लौटी तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया। जब वह घर में दाखिल हुई तो देखा कि टीवी, फ्रिज और गैस सिलेंडर गायब थे। इसके बाद, सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई तो पता चला कि नीलगंज निवासी सुदखोर के साथ दो अन्य लोग टोटो में आए और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने कहा कि वे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रहे हैं।

# फर्जी वोटर मामले पर भाजपा को रैली की अनुमति नहीं, हाई कोर्ट पहुंची पार्टी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा ने इस मुद्दे पर रैली निकालने की योजना बनाई थी, लेकिन पुलिस से अनुमति नहीं मिलने के बाद पार्टी ने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मंगलवार को न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने भाजपा की याचिका स्वीकार कर ली, और इस पर बुधवार को सुनवाई होगी। दरअसल, भाजपा ने आज दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक कॉलेज स्क्वायर से चुनाव आयोग कार्यालय तक रैली निकालने की योजना बनाई थी, जिसका नेतृत्व विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी करने वाले थे। हालांकि, पुलिस ने इस रैली की अनुमति नहीं दी, जिसके बाद भाजपा ने अदालत से हस्तक्षेप की मांग की है। इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस ने भी मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को लेकर आवाज उठाई थी। इसके अलावा, एक ही ईपीआईसी नंबर (मतदाता पहचान पत्र संख्या) पर कई नाम दर्ज होने की समस्या को भी तृणमूल ने उजागर किया था। तृणमूल के लगातार दबाव के बाद चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को संशोधित करने का फैसला किया और अगले छह महीनों के भीतर सुधार करने का आश्वासन दिया। अब भाजपा भी इसी मुद्दे को लेकर सड़कों पर उतरने की तैयारी में है। पार्टी का कहना है कि वह चुनाव आयोग पर निष्पक्ष मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाना चाहती है। हाई कोर्ट के फैसले के बाद यह तय होगा कि शुभेंदु अधिकारी की अगुवाई में प्रस्तावित रैली हो पाएगी या नहीं। यदि समय पर अनुमति नहीं मिलती है, तो बीजेपी को वैकल्पिक रणनीति अपनानी होगी।

## मोथाबाड़ी मामले पर कांथी में विरोध रैली की अनुमति न मिलने पर हाई कोर्ट पहुंची भाजपा

**मालदह के मोथाबाड़ी इलाके में हाल ही में हुए गुटीय संघर्ष के विरोध में भाजपा ने मंगलवार को कांथी में रैली निकालने की योजना बनाई थी, लेकिन पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं दी। इसके बाद, भाजपा ने इस फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस मामले की सुनवाई 2 अप्रैल को होने की संभावना है। मोथाबाड़ी कांड को लेकर भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस और पुलिस के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया है। भाजपा का कहना है कि उसने पहले ही प्रशासन को रैली की जानकारी दे दी थी, लेकिन सोमवार की रात को अचानक इसकी अनुमति रद्द कर दी गई। पूर्व मेदिनीपुर के कांथी में यह रैली शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में होनी थी, जिसे पुलिस ने रोक दिया। भाजपा ने रैली के लिए अनुमति मांगते हुए मंगलवार को हाई कोर्ट में याचिका दायर की। यह मामला जस्टिस तीर्थंकर घोष के समक्ष दायर किया गया, जिन्होंने याचिका को स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी हाई कोर्ट में एक अलग याचिका दायर की है, जिसमें उन्होंने सिर्फ अपने सुरक्षा दस्ते के साथ मोथाबाड़ी जाने की अनुमति मांगी है।**

# विधानसभा सत्र के आखिरी दिन अनुपस्थित रहे 30 टीएमसी विधायकों से पार्टी ने मांगा स्पष्टीकरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के आंतरिक अनुशासन समिति ने विधानसभा में बजट सत्र के आखिरी दिन अनुपस्थित रहने वाले 30 पार्टी विधायकों को चिह्नित किया है, जिनमें राज्य कैबिनेट के एक मंत्री भी शामिल हैं। ये 20 मार्च को बजट सत्र के दूसरे चरण के आखिरी दिन अनुपस्थित रहे। इन विधायकों ने पार्टी व्हिप की अवहेलना करते हुए विधानसभा में उपस्थिति नहीं दी, और न ही उन्होंने स्पीकर बिमान बंद्योपाध्याय के कार्यालय को अपनी अनुपस्थिति के बारे में पूर्व सूचना दी। इन विधायकों को इस महीने अनुशासन समिति के सामने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा गया है। उन्हें यह स्पष्ट करना होगा कि पार्टी व्हिप की अवहेलना करने पर उनके खिलाफ आंतरिक अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। सूत्रों के अनुसार, राज्य के मंत्री और पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी का नाम भी इस सूची में शामिल है, जिन्हें अपनी अनुपस्थिति का कारण बताने के लिए समिति के सामने पेश होना होगा। तिवारी ने 2021 में विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस में शामिल होकर शिबपुर विधानसभा सीट से चुनाव जीता था। शुरुआत में, आंतरिक अनुशासन समिति की बैठक 29 मार्च को आयोजित करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन ईद के त्योहार के कारण इस बैठक को रद्द कर दिया गया। समिति की अध्यक्षता राज्य के संसदीय मामलों के मंत्री शोभनदेव चटर्जी कर रहे हैं। अन्य सदस्यों में वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, नगरपालिका और शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम, ऊर्जा मंत्री अरूप बिस्वास और तृणमूल कांग्रेस के मुख्य व्हिप निर्मल घोष शामिल हैं। टीएमसी ने व्हिप जारी कर 19 और 20 मार्च को विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दो दिनों में पार्टी के सभी विधायकों की उपस्थिति को अनिवार्य कर दिया था। जहां 19 मार्च को विधायकों की उपस्थिति लगभग 100 प्रतिशत थी, वहीं 20 मार्च को कई विधायकों, जिनमें मंत्री भी शामिल हैं, ने अनुपस्थित रहकर व्हिप की अवहेलना की।

## बांकुड़ा में सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवारों की मौत

**बांकुड़ा :** बांकुड़ा-पुरुलिया राज्य राजमार्ग पर मंगलवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे दो बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। बांकुड़ा सदर थाने की पुलिस ने दोनों शव बरामद किये। शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस दिन, दोपहर में दो अज्ञात युवक बाइक पर सवार होकर बांकुड़ा शहर से छतना की ओर जा रहे थे। बांकुड़ा सदर थाना अंतर्गत नमो अंचुरी के पास अचानक बाइक का नियंत्रण खो गया और वह सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। इसके तुरंत बाद बाइक पर सवार दो युवक सड़क पर गिर गए। जब दोनों को बचाकर बांकुड़ा सम्मिलानी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# लगभग एक महीने तक लापता रहने के बाद किशोरी का शव इच्छामती नदी से बरामद

### मां की डांट से नाराज होकर नाबालिग घर छोड़कर चली गई थी

**कोलकाता, समाज्ञा :** लगभग एक महीने तक लापता रहने के बाद मंगलवार को एक किशोरी का शव इच्छामती नदी से बरामद किया गया। मृतका की पहचान नफीसा सुल्ताना (14) के रूप में की गई है। नौवीं कक्षा की छात्रा नफीसा सुल्ताना उत्तर 24 परगना के बशीरहाट थाना अंतर्गत संग्रामपुर शिवहाटी ग्राम पंचायत के पश्चिम पाड़ा की रहने वाली थी। वह हरिमहन दलाल गर्ल्स हाई स्कूल में पढ़ाई करती थी। बताया गया है कि प्राइवेट ट्यूशन से लौटने में देर होने के कारण मां ने उसे डांटा था। इसके बाद, नफीसा सुल्ताना गुस्से में घर छोड़कर चली गई। उसके लापता होने के बाद परिवार ने विभिन्न स्थानों पर उसकी तलाश शुरू की। सबसे पहले रिश्तेदारों और दोस्तों के घरों की तलाशी ली गई, फिर दोस्तों के घरों की। लेकिन, कही भी उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। बाद में, परिवार ने बशीरहाट थाने में शिकायत दर्ज कराई। उस शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और पिछले एक महीने से विभिन्न इलाकों में नफीसा की तस्वीरें लगाकर उसकी तलाश कर रही थी। नाबालिग को आखिरकार मंगलवार को ढूंढ लिया गया। इस दिन, दोपहर में एक नाव के यात्रियों ने इच्छामती नदी पर घाट के समीप एक शव तैरता हुआ देखा। जब उन्होंने पुलिस को सूचित किया तो मृतक की पहचान उजागर हुई। जब लापता छात्रा के परिवार को इसकी सूचना दी गई तो वे घटनास्थल पर पहुंचे और अपनी बेटी की पहचान की। इसके बाद, पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए बशीरहाट स्वास्थ्य जिला पुलिस मुर्दाघर भेज दिया। प्रारंभिक तौर पर यह माना जा रहा है कि नफीसा ने आत्महत्या की है। अपनी मां से डांट खाने के बाद वह घर छोड़कर इच्छामती नदी पर चली गयी होगी। फिर, हताश होकर वह नदी में कूद गयी। हालांकि, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या उसने यह निर्णय स्वयं लिया या किसी ने उसे इसके लिए उकसाया था। कुछ लोगों को संदेह है कि यह आत्महत्या नहीं हो सकती। इस बात पर भी सवाल उठाए गए हैं कि क्या किसी ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा।

# हरिदेवपुर हत्या मामले के मुख्य आरोपी कर्तिक दास की गिरफ्तारी में जागरूक महिला नागरिक की अहम भूमिका

**कोलकाता :** 21 जनवरी को हत्या के वारदात को अंजाम देने के बाद, कर्तिक दास मौके से फरार हो गया और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा। कई दिनों तक वह पुलिस की नज़रों से बचता रहा, लेकिन सोशल मीडिया पर उसकी तस्वीर वायरल हो चुकी थी और उसके बारे में सूचना देने वाले को इनाम देने की घोषणा की गई थी।

इसी बीच, एक सतर्क और ज़िम्मेदार महिला ने कर्तिक दास को एक बस में सफर करते हुए पहचान लिया। उसने तुरंत हरिदेवपुर थाने के अधिकारियों को सूचित किया और बहादुरी का परिचय देते हुए आरोपी का पीछा किया। जब कर्तिक दास हावड़ा बस स्टैंड पर उतरा और हावड़ा स्टेशन की ओर बढ़ा, तो महिला ने सावधानीपूर्वक उसका एक छोटा वीडियो बनाकर उसकी पहचान और लोकेशन की पुष्टि की।



हरिदेवपुर हत्याकांड के आरोपी को पहचानने, बस और रेलवे स्टेशन तक उसका पीछा करने और पुलिस को सूचना देने वाली साहसी महिला को 50,000 का इनाम और प्रशस्ति पत्र सौंपते हुए अधिकारी।

यह महत्वपूर्ण सूचना मिलते ही हावड़ा जीआरपीएस के प्रभारी निरीक्षक तपोज्योति दास और उनकी टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए हजारों यात्रियों की भीड़ में कर्तिक दास को धर दबोचा। इसके बाद हरिदेवपुर पुलिस स्टेशन की टीम वहां पहुंची और औपचारिक रूप से उसे गिरफ्तार कर लिया।

इस ऑपरेशन ने नागरिक सतर्कता और पुलिस के बेहतरीन समन्वय की मिसाल पेश की। महिला की हिम्मत और सूझबूझ से ही अपराधी को गिरफ्तार किया जा सका, जिसके लिए उन्हें उदारतापूर्वक पुरस्कृत किया गया।

# ईएम बाईपास पर तीन कारें आपस में टकराईं, दो घायल



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में फिर सड़क दुर्घटना की खबर सामने आई है। एक या दो नहीं, बल्कि तीन कारें एक साथ टकरा गईं। यह घटना ईएम बाईपास के अभिषिक्ता मोड़ पर घटी। हादसे में एक बुजुर्ग व्यक्ति (70) और एक ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल, उनका नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की सुबह अनवर शाह रोड की ओर से आ रही एक ऐप कैब ने अभिषिक्ता मोड़ पर एक ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण ऑटो ने नियंत्रण खो दिया और पास में खड़ी एक कार से फिर टकरा गया। स्वाभाविक रूप से, इस घटना के कारण क्षेत्र में भारी यातायात जाम हो गया। ऑटो में सवार बुजुर्ग व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ऐप कैब गलत गली में आ गई थी। ऐसा माना जा रहा है कि ड्राइवर नशे में था। इसी कारण कार का नियंत्रण खो गया और वह ऑटो से टकरा गई। हालांकि, इस घटना में अब तक किसी की मौत की कोई खबर नहीं है। हालांकि, अस्पताल सूत्रों का कहना है कि बुजुर्ग की तरह ऑटो चालक की हालत भी बहुत अच्छी नहीं है। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

## साल्टलेक के मणिपाल अस्पताल परिसर में लगी आग, दमकल कर्मी पड़ा बीमार




**कोलकाता, समाज्ञा :** साल्टलेक स्थित मणिपाल अस्पताल परिसर में मंगलवार को आग लगने से हड़कंप मच गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, दोपहर में मणिपाल अस्पताल के बगल वाली इमारत के बेसमेंट से काला धुआं निकलता देखा गया। देखते ही देखते आग तेजी से मणिपाल अस्पताल परिसर तक फैल गयी। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना पाकर दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। खबर लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। इस बीच, आग बुझाते समय पूरे परिसर में दुर्गंध फैल गई। परिणामस्वरूप, एक अग्निशमनकर्मी बीमार पड़ गया। अग्निशमन सूत्रों के अनुसार, आग कैसे लगी, अभी तक पता नहीं चल पाया है। आग बुझाने का काम जारी है।

# कोलकाता में तैनात सीआईएसएफ इंस्पेक्टर राहुल कुमार को मिला राष्ट्रपति पुलिस पदक



**कोलकाता :** कोलकाता में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में इंस्पेक्टर के रूप में कार्यरत बिहार के औरंगाबाद जिला निवासी राहुल कुमार को प्रतिनियुक्ति पर सीबीआइ में तैनाती के दौरान सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (पीएमएमएस) से अलंकृत किया गया है। मंगलवार को सीबीआइ के 62वें स्थापना दिवस पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय रेल, सूचना प्रसारण एवं इलेक्ट्रानिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें यह पदक प्रदान किया। मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद जिले के हसपुरा थाना अंतर्गत सोनहाथु गांव निवासी स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ सिंह के पुत्र राहुल कुमार को यह प्रतिष्ठित पदक कोलकाता में सीबीआइ में तैनाती के दौरान सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर चिटफंड घोटालों से जुड़े मामलों की जांच में सराहनीय कार्य के लिए दिया गया है। पिछले साल 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस पर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इस पदक के लिए उनके नाम की घोषणा की गई थी। इंस्पेक्टर राहुल कुमार सितंबर 2019 से 2024 तक कोलकाता में सीजीओ कांप्लेक्स स्थित सीबीआइ की आर्थिक अपराध शाखा में डेपुटेशन (प्रतिनियुक्ति) पर तैनात थे। राहुल कुमार साल 2003 में सब इंस्पेक्टर के तौर पर सीआईएसएफ में शामिल हुए थे। पिछले 21 वर्षों से अधिक समय से वे सेवा दे रहे हैं। अपने करियर में उन्होंने कोलकाता एयरपोर्ट सहित चेन्नई, मुंबई और लखनऊ एयरपोर्ट पर सेवाएं दी है। कुमार को उत्कृष्ट कार्यों के लिए इससे पहले समय-समय पर सीआईएसएफ से भी कई बार अवार्ड मिल चुके हैं। इधर, उनको यह सम्मान मिलने से उनके यूनिट सहित गांव व पूरे औरंगाबाद एवं आसपास के जिलों में खुशी की लहर है।

## भाटपाड़ा में आपसी झगड़े में व्यक्ति की पीटकर हत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** मामूली विवाद में भाटपाड़ा में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार, यह घटना सोमवार को भाटपाड़ा के वार्ड नंबर 8 में घटी। मृतक की पहचान मोहम्मद हामिद के रूप में की गई है। मोहम्मद भीमा नामक एक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया गया है। पता चला है कि मृत युवक और आरोपी दूर के रिश्तेदार हैं। वे एक ही घर में रहते थे। बताया गया है कि गत सोमवार को दोनों के बीच बहस हो गई। झगड़ा मारपीट में बदल गया। आरोप है कि मोहम्मद भीमा ने हामिद की बुरी तरह पिटाई की। हंगामा देखकर स्थानीय निवासी घटनास्थल पर पहुंचे। हामिद को बचाकर भाटपाड़ा स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया। हामिद की उसी रात अस्पताल में मौत हो गई। आपसी झगड़े के चलते पीट-पीटकर हत्या की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

## भर्ती भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार शांतिप्रसाद की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली/कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट ने भर्ती भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार शांतिप्रसाद सिन्हा की जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति एसवीएन भाटी और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि सीबीआई जमानत का विरोध करते हुए अपनी दलीलें पेश करेगी। मामले की सुनवाई छह सप्ताह बाद पुनः होगी। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने एसएससी सलाहकार समिति के संयोजक शांतिप्रसाद सहित शिक्षा विभाग के पांच अधिकारियों को गिरफ्तार किया। राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को भी केंद्रीय जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने जमानत के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। जमानत देने के संबंध में दो उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के बीच मतभेद उत्पन्न हो गया। मामला अदालत की तीसरी पीठ के पास जाता है। तृतीय पीठ के न्यायाधीश तपोब्रत चक्रवर्ती ने उनकी सभी जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। पार्थ चटर्जी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय गये। शांतिप्रसाद ने भी जमानत के लिए वहां मामला दायर किया था। उनके वकील ने तर्क दिया कि भर्ती भ्रष्टाचार मामले में आरोपपत्र दायर किया जा चुका है। इस स्थिति में उनके मुवक्किल को जमानत दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायाधीशों ने सीबीआई का बयान मांगा है।

# हिरण्मय गोस्वामी महाराज पर हमला और जटा काटने का आरोप, भाजपा ने जारी किया वीडियो



**पश्चिम मेदिनीपुर :** राज्य में उन्मादियों द्वारा हिन्दुओं पर हमले के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अभी बीते दिनों (26 मार्च) मालदह जिले में रामनवमी से पहले उन्मादियों ने जमकर आतंक फैलाया था। वहीं, अब अमित मालवीय ने पश्चिम बंगाल का और वीडियो साझा करते हुए बताया कि एक प्रतिष्ठित भागवत कथावाचक हिरण्मय गोस्वामी महाराज को घेरकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया, उनके गले में फंदा डालकर, उनकी शिखा और जटाओं को जबरन काट दिया। भाजपा के आईटी प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर इस घटना का वीडियो साझा करते लिखा कि मैं पश्चिम मेदिनीपुर जिले के धरमपुर गांव में पूज्य भागवत वाचक हिरण्मय गोस्वामी महाराज पर हुए जघन्य हमले की कड़ी निंदा करता हूं। उनके गले में फंदा डालकर, धारदार हथियार से उन पर जानलेवा हमला किया गया और उनके पवित्र जटाओं को जबरन काट दिया गया। अमित मालवीय ने घटना के पीछे के कारण को बताते हुए लिखा कि एक भागवत वाचन के दौरान, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस से जुड़े कुछ लोगों ने मांग की थी कि भारत माता की जय, हिंदू सनातन धर्म की जय, गौ माता की जय और जय श्री राम जैसे नारे नहीं लगाए जाने चाहिए। जिसका हिरण्मय गोस्वामी ने पालन करने से इनकार कर दिया। इसके बाद, उन पर यह जानलेवा हमला हुआ। अमित मालवीय ने इस घटना को टीएमसी की वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित प्रतिशोध की कार्रवाई बताते हुए कहा कि बंगाल में हिंदू धार्मिक स्वतंत्रता के लिए जगह खतरनाक दर से कम होती जा रही है।

## इस्लामपुर में नदी में स्नान करने के दौरान बच्चों को मिले कारतूस



**उत्तर दिनाजपुर :** नदी से बंदूक के चार कारतूस मिलने से हड़कंप मच गया। घटना मंगलवार को जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के खबरगांव की है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इलाके के कुछ बच्चे सुबह खबरगांव इलाके में दलनचा नदी में नहाने गए थे। इस दौरान नदी से बच्चों को चार कारतूस मिले। जिसे बच्चे खिलौना समझ अपने साथ ले आए। बाद में स्थानीय लोगों ने बच्चों को उन कारतूसों से खेलते हुए देखा। जिसकी खबर सामने आते ही इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर इस्लामपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और चारों कारतूस को अपने कब्जे में लिया। इस्लामपुर थाने की पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, यह पता नहीं चल पाया है कि वे कारतूस किसने और क्यों नदी में फेंके या जमा किये थे।

# चिरेका ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 700 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का रिकॉर्ड तोड़ उत्पादन कर नया इतिहास रचा




**चिरेका :** 30 मार्च को चिरेका ने डब्ल्यूएपी-5 पुश-पुल एरोडायनामिक लोको, डब्लूएजी-9एचसी ट्विन लोको और डब्लूएजी-9एचसी लोको को समारोहपूर्वक रवाना किया। 700वें लोकोमोटिव को चिरेका महाप्रबंधक विजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रधान विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी और मार्च माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी उपस्थित थे।

30.03.2025 तक चिरेका ने 544 और इसकी सहायक इकाई डानकुनी ने 156 कुल 700 रेल इंजन निर्मित किए। ईएलएएयू डानकुनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक का सर्वाधिक 156 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव बनाकर नया इतिहास रचा।

जनसंपर्क अधिकारी चित्रसेन मंडल ने बताया कि यह किसी भी वित्तीय वर्ष में सीएलडब्ल्यू का सबसे अधिक वार्षिक उत्पादन है, जो 2023-24 में 580 था। जनवरी 2025 में 66, फरवरी में 69 और मार्च में 75 लोकोमोटिव का उच्चतम मासिक उत्पादन हुआ।

भारतीय रेलवे के विद्युतीकरण को ध्यान में रखते हुए, ये लोकोमोटिव रेल यातायात को सुगम बनाएंगे और कार्बन फुटप्रिंट कम करेंगे। चिरेका के कर्मचारियों और अधिकारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को संभव बनाया। इस अवसर पर लड्डू वितरण कर उत्सव मनाया गया।

## सिविक वॉलंटियर की वर्दी में तृणमूल नेता के घर में चोरी, पुलिस ने शुरू की जांच

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बेलूर में सिविक वॉलंटियर की वर्दी पहनकर चोरी करने का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इस घटना में चोर ने तृणमूल नेता रियाज अहमद के नाम का इस्तेमाल कर उनके घर में चोरी की। रियाज अहमद, इलाके के पूर्व पार्षद और हावड़ा नगर निगम की संचालन समिति के सदस्य हैं। यह घटना सोमवार, ईद के दिन सुबह की है। रियाज अहमद का घर बेलूर के वोटबागान इलाके में है, लेकिन उस समय वह घर पर नहीं थे। सिविक वॉलंटियर की वर्दी पहने एक व्यक्ति ने रियाज अहमद की मां से कहा, दादा ने भेजा है, जिसके बाद तृणमूल नेता के परिवार ने बिना किसी संदेह के उसे घर में घुसने दिया। इस व्यक्ति ने घर से एक स्टैंड फैन उठाया और पार्टी ऑफिस से भेजी गई कुर्सियां बोलकर ले गया। यह व्यक्ति किसी तरह सामान्य तरीके से इलाके से बाहर निकल गया। जब रियाज अहमद घर लौटे, तो उनकी मां ने उन्हें घटना के बारे में बताया। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

## लिलुआ वर्कशॉप में कर्मचारियों की अनावश्यक मांग पर हड़ताल

**कोलकाता, समाज्ञा :** लिलुआ वर्कशॉप में कर्मचारियों के एक समूह ने पीने के पानी की आपूर्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन और हड़ताल शुरू कर दी। इस मुद्दे पर प्रबंधन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि लिलुआ वर्कशॉप में फिलहाल पानी की कोई कमी नहीं है। वर्कशॉप प्रबंधन ने इस वर्ष 8 पानी के बूथों की व्यवस्था की है और कर्मचारियों की सुविधा के लिए एक नया शौचालय भी स्थापित किया है। इसके अलावा, भविष्य में और अधिक पानी के बूथ वर्कशॉप में लगाए जाएंगे। प्रबंधन ने यह भी बताया कि कर्मचारियों ने एक ऐसे मुद्दे को अनावश्यक रूप से विवाद का कारण बना दिया है, जबकि वर्कशॉप में पानी की कोई कमी नहीं है और सभी आवश्यक सुविधाएं पहले से ही उपलब्ध हैं।

# कैंसर से पीड़ित व्यक्ति को मारने की शिकायत, हाईकोर्ट ने दी जल्दी जांच करने का निर्देश



**कोलकाता :** कैंसर से पीड़ित एक व्यक्ति को मारने की घटना को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट में मामला दर्ज किया गया है। यह मामला 2020 के अक्टूबर महीने का है, जब हुगली के उत्तरपाड़ा में दीवाली के दौरान पटाखे फोड़ने को लेकर विवाद हुआ था। शशांक घोष नामक वृद्ध, जो कैंसर से पीड़ित हैं, ने पटाखे फोड़ने का विरोध किया था। इसके बाद, शराब पीकर आए लोग उनके घर में घुस आए और शशांक घोष और एक गर्भवती महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। इस हमले में महिला का गर्भस्थ शिशु भी मृत हो गया।

इस घटना के बाद पुलिस को रिपोर्ट दी गई थी और जांच शुरू हुई थी, लेकिन आरोपितों में से एक व्यक्ति अभी भी फरार है। शशांक घोष ने इस मुद्दे को लेकर हाईकोर्ट का रुख किया था। उनका कहना था कि तीन साल के बाद भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, जिससे न्याय प्रक्रिया में देरी हो रही है।

हाईकोर्ट के न्यायाधीश तीरथंकर घोष ने आदेश दिया कि मामले की जांच एक डिप्टी सुपरीटेंडेंट ऑफ पुलिस (डीएसपी) द्वारा की जाए और 30 दिनों के भीतर फरार आरोपी को गिरफ्तार किया जाए। यदि ऐसा नहीं होता है, तो निचली अदालत को और कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि गिरफ्तार आरोपियों के मामले में अलग तरीके से न्याय किया जाएगा, और जो फरार हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें उनकी संपत्ति जब्त करने तक के निर्देश हो सकते हैं।

# सड़कें नमाज के लिए नहीं, यातायात के लिए हैं, बाकियों को हिंदुओं से अनुशासन सीखना चाहिए: आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़कों पर नमाज अदा करने के खिलाफ मुसलमानों को प्रशासन द्वारा दी गई चेतावनी का बचाव करते हुए कहा है कि सड़कें यातायात के लिए होती हैं। आदित्यनाथ ने मुसलमानों से यह भी कहा कि वे हिन्दुओं से धार्मिक अनुशासन सीखें, जो विशाल महाकुंभ मेले में शामिल हुए लेकिन इस दौरान अपराध, तोड़-फोड़ या उत्पीड़न की कोई घटना नहीं हुई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 'पीटीआई-भाषा' से एक विशेष साक्षात्कार के दौरान वक्फ (संशोधन) विधेयक के आलोचकों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड स्वार्थी हितों के साथ-साथ 'लूट खसोट' के अड्डा बन गए हैं और इन्होंने मुसलमानों के कल्याण के लिए बहुत कम काम किया है। योगी आदित्यनाथ ने हिंदू मंदिरों और मठों द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में किए गए दान का उदाहरण देते हुए सवाल किया कि क्या कई गुना अधिक संपत्ति होने के बावजूद किसी वक्फ बोर्ड ने इस तरह का कल्याणकारी कार्य किया है? उन्होंने कहा, 'देखिए, हर अच्छे कार्य का विरोध होता है। वैसे ही वक्फ संशोधन विधेयक पर भी हो-हल्ला हो रहा है। ये जो हो-हल्ला कर रहे हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या कोई ऐसा कल्याणकारी काम है जो वक्फ बोर्ड के माध्यम से किया गया हो? सारे समाज की बात तो छोड़िए, क्या वक्फ संपत्तियों का इस्तेमाल मुसलमानों के कल्याण के लिए किया गया है?' मुख्यमंत्री ने कहा, 'ये व्यक्तिगत स्वार्थ के अड्डे बने हुए हैं। चंद लोगों की लूट- खसोट के अड्डे बने हुए हैं। यह (वक्फ) किसी भी सरकारी संपत्ति पर जबरन कब्जा करने का माध्यम बना हुआ है और सुधार इस समय की मांग है तथा हर सुधार का विरोध होता है। देश, काल और परिस्थिति के अनुसार हमें उसके लिए तैयार होना चाहिए और मुझे लगता है कि इसका लाभ मुस्लिम



समाज को भी होगा।' योगी एवं नेता आदित्यनाथ हिंदुत्व को लेकर अपने कट्टर विचारों और अपराधियों के खिलाफ सख्त प्रशासक की छवि के कारण भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक बनकर उभरे हैं। उन्होंने मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव को लेकर आलोचनाओं को खारिज किया। उन्होंने कहा कि राज्य की आबादी में मुसलमानों की संख्या 20 प्रतिशत है लेकिन सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों में उनकी हिस्सेदारी 35 से 40 प्रतिशत है। आदित्यनाथ ने कहा कि वह न तो भेदभाव में विश्वास करते हैं और न ही तुष्टीकरण में। उन्होंने कहा, 'हम तुष्टीकरण से अपने आपको हमेशा अलग रखते हैं और उस हर जरूरतमंद को, जो भारत का नागरिक है, शासन की हर सुविधा का लाभ मिलना चाहिए।'

## राजनीति मेरे लिए 'फुल टाइम जॉब' नहीं, मैं असल में योगी हूं: आदित्यनाथ

**लखनऊ :** खरी खरी बोलने वाले और हमेशा अपने विचारों को लेकर मुखर उत्तर प्रदेश के संन्यासी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुसलमानों के लिए एक स्पष्ट संदेश दिया है: आपको राज्य के विकास में उचित हिस्सा मिलेगा, लेकिन सिर्फ इसलिए विशेष रियायतों की उम्मीद न करें कि आप अल्पसंख्यक हैं। इसका मतलब साफ है कि आप सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ सकते, या कोई अवैध गतिविधि नहीं कर सकते। अगर आप ऐसा करते हैं, तो 'बुलडोजर न्याय' का सामना करने के लिए तैयार रहें।

## बिहार के विकास में भाजपा के योगदान पर तेजस्वी ने अमित शाह को बहस की चुनौती दी



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के विकास में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के योगदान पर मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बहस के लिए चुनौती दी। पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी ने पटना में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए शाह पर आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री ने दो दिन पहले गोपालगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए उनके पिता लालू प्रसाद यादव को निशाना बनाया था। तेजस्वी ने कहा, 'अमित शाह, लालू जी को छोड़ दें और मुझसे बात करें। मैं उनके साथ सार्वजनिक बहस के लिए तैयार हूं, वह समय और स्थान तय करें।' तेजस्वी ने दावा किया कि उनके पिता लालू यादव के शासनकाल में बिहार को जो केंद्रीय सहायता मिली थी, वह मौजूदा सरकार की मदद से कहीं अधिक थी। तेजस्वी ने कहा, 'शाह ने दावा किया था कि बिहार में माता सीता का मंदिर बनाया जाएगा जबकि उन्हें नहीं पता कि मंदिर पहले से ही बना हुआ है। जब मैं प्रदेश सरकार में शामिल था, तो इस मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए धन स्वीकृत किया गया था।' उन्होंने आरोप लगाया, 'शाह का बिहार दौरा इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में पार्टी के शीर्ष नेताओं के लगातार दौरे किये जाने की भाजपा की रणनीति का हिस्सा था। मैंने दिल्ली चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद इसकी भविष्यवाणी की थी। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा से मंजूरी मिलते ही निर्वाचन आयोग ने बिहार में चुनाव की घोषणा कर दी।'

## राजस्थान में राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता दो प्रतिशत बढ़ा

**जयपुर :** राजस्थान सरकार ने राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत बढ़ोतरी का फैसला किया है। इसका फायदा 12 लाख 40 हजार कर्मचारियों एवं पेंशन भोगियों को होगा। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान राज्यकर्मियों को महंगाई भत्ता (डीए) में दो प्रतिशत बढ़ोतरी की सौगात दी है। पेंशनभोगियों को भी महंगाई राहत में दो प्रतिशत वृद्धि देय होगी। उल्लेखनीय है कि गत शुक्रवार को केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय कर्मियों के डीए में बढ़ोतरी की गई थी। इसके मद्देनजर राज्य सरकार ने भी यह फैसला किया है।

## उप्र: ई रिक्शा और ऑटो के खिलाफ अभियान के पहले दिन 915 ई-रिक्शा जब्त, 3035 चालान काटे

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में अवैध रूप से संचालित ईरिक्शा और ऑटो के खिलाफ मंगलवार से शुरू किये गये अभियान के पहले दिन राज्य में 915 ई-रिक्शा जब्त किये गये और 3035 चालान काटे गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंगलवार से प्रदेश में अनधिकृत ई-रिक्शा और ऑटो के खिलाफ अभियान चलाया गया, जो 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस अभियान की सफलता के लिए परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने समस्त पुलिस आयुक्तों, जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा था। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर अभियान मंगलवार से शुरू हुआ



और पहले दिन 915 ई-रिक्शा जब्त किये गये और 3035 चालान काटे गये। उन्होंने बताया कि मंगलवार को मुख्यालय से इसकी निगरानी की गयी। अधिकारी ने बताया कि 30 अप्रैल तक जारी इस अभियान की नियमित निगरानी होती रहेगी। अभियान के नोडल अधिकारी (अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन) संजय सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम पांच बजे तक गाजियाबाद संभाग में 381, आगरा संभाग में 363, लखनऊ में 200, झांसी में 199, सहारनपुर में 171, मिर्जापुर में 165, वाराणसी में 164 व प्रयागराज में 136 ई-रिक्शा पर कार्रवाई हुई।

## उत्तर प्रदेश में नयी आबकारी नीति लागू, अब शराब और बीयर एक ही दुकान से मिलेगी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश आबकारी नीति 2025-26 मंगलवार से लागू हो गयी जिसके तहत अंग्रेजी शराब और बीयर एक ही दुकान से उपभोताओं को मिल जायेगी। उत्तर प्रदेश सरकार के आबकारी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने मंगलवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उत्तर प्रदेश आबकारी नीति 2025-26 लागू हो गयी है। इसके पहले आबकारी विभाग ने एक बयान में कहा कि नयी नीति के तहत अंग्रेजी एवं विदेशी शराब और बीयर की अलग-अलग दुकानों की जगह संयुक्त दुकानें बनायी जा रही हैं, जिससे दुकानों की संख्या बढ़ाए बिना खुदरा घनत्व में वृद्धि होगी। बयान में कहा गया है कि कम से कम 400 वर्ग फीट क्षेत्रफल वाली और अन्य शर्तों को पूरा करने वाली संयुक्त दुकानें 'मॉडल शॉप' में परिवर्तित हो सकती हैं एवं ग्राहकों को शराब परोस सकती हैं। बयान के अनुसार देशी शराब की दुकानों को कुछ शर्तों के साथ बीयर बेचने का भी विकल्प दिया गया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बस की छत पर बैठा यात्री पेड़ की टहनी से टकराया, मौत

**पीलीभीत (उप्र) :** उत्तराखंड में मां पूर्णागिरि मंदिर के दर्शन करके बस की छत पर सवार होकर लौट रहे बुलंदशहर जिले के 32 वर्षीय एक व्यक्ति की पीलीभीत में पेड़ की टहनी से टकराने से मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि दुर्घटना रविवार रात को हुई। दो अन्य घायल श्रद्धालुओं का पीलीभीत के जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, बुलंदशहर जिले के रामघाट थाने के जरगांव नामक गांव से करीब 60 श्रद्धालुओं का दल शनिवार (29 मार्च) को मां पूर्णागिरि मंदिर के दर्शन के लिए बस से टनकपुर के लिए निकला था।

### उत्तर प्रदेश: तेज रफ्तार ट्रेलर ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, नवविवाहित दंपति की मौत

**मऊ :** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में मंगलवार शाम को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे नवविवाहित दंपति की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना हलधरपुर थानाक्षेत्र के गढ़वा मोड़ के पास हुई। हलधरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) जगदीश विश्वकर्मा ने बताया कि आजमगढ़ जिले के पूनापार गांव की रहने वाली रिंकी सिंह (26) और उनके पति पवन कुमार सिंह (29) किसी निजी काम से पिलखी वरुणा गांव जा रहे थे। पिलखी वरुणा गांव में रिंकी के माता-पिता रहते हैं। विश्वकर्मा ने बताया कि दुर्घटना गढ़वा मोड़ पर उस समय हुई, जब पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने दंपति की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि दोनों पति-पत्नी मोटरसाइकिल से गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गये। विश्वकर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को रतनपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतकों के परिवार को सूचित कर दिया गया है।

## न्यूज अपडेट

### झारखंड में महिला और उसके दो बच्चे मृत पाए गए

**गिरिडीह :** झारखंड के गिरिडीह जिले में मंगलवार को एक महिला और उसके दो बच्चे संदिग्ध अवस्था में मृत पाए गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नयनपुर थाना क्षेत्र के बरदौनी गांव में रेनुआ टुडू (30) और उसके बेटे सतीश हेम्ब्रोम (5) के शव पेड़ से लटके हुए मिले, जबकि उसकी बेटी सरिता (8) का शव पास के तालाब से बरामद किया गया। खोरीमहुआ के अनुमंडल अधिकारी (एसडीपीओ) राजेंद्र प्रसाद ने कहा, प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। हमने घटना के सिलसिले में मृतक महिला के पति को गिरफ्तार कर लिया है। प्रसाद के मुताबिक, तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल का दौरा करेगी। ग्रामीणों के अनुसार, रेनुआ और उसके पति के बीच सोमवार रात को झगड़ा हुआ था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रेनुआ के पति को संदेह था कि उसके गांव के किसी व्यक्ति के साथ अवैध संबंध हैं।

### आसाराम को अंतरिम जमानत मिलने के बाद दुष्कर्म पीड़िता के घर की सुरक्षा कड़ी की गयी

**शाहजहांपुर :** दुष्कर्म के आरोप में उम्र कैद की सजा काट रहे स्वयंभू बाबा आसाराम को तीन महीने की अंतरिम जमानत मिलने पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने शाहजहांपुर जिले में रहने वाली पीड़िता के परिजनों द्वारा जान का खतरा जताए जाने के बाद उनके घर की सुरक्षा कड़ी कर दी है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि आसाराम को तीन महीने की अंतरिम जमानत मिलने के बाद उन्होंने स्वत: संज्ञान लेते हुए पीड़िता के परिवार की सुरक्षा और कड़ी कर दी है। पीड़िता के घर पर एक सुरक्षाकर्मी तैनात है और पीड़िता के पिता व भाई के साथ एक-एक गनर तैनात रहता है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अजीजगंज पुलिस चौकी को भी पीड़िता के घर की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है।

### रसायन कारखाने में गैस रिसाव से मालिक समेत तीन लोगों की मौत: अधिकारी

**जयपुर :** राजस्थान के ब्यावर में रसायन कारखाने में खड़े एक टैंकर से हानिकारक गैस का रिसाव होने पर इसकी चपेट में आकर फैक्टरी के मालिक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। गैस के प्रभाव से तबीयत खराब होने पर 50 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला कलेक्टर महेन्द्र खड़गावत ने बताया कि सोमवार देर रात रिहायशी इलाके में स्थित कारखाने में गैस रिसाव हुआ जिसके कारण 53 लोग बीमार हो गए। उन्होंने बताया कि कारखाने के मालिक और दो अन्य की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि यह कारखाना अवैध रूप से चल रहा था। उन्होंने कहा कि हालात पर जल्द ही काबू पा लिया गया। जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने बताया कि गैस रिसाव की घटना देर रात बाड़िया इलाके में स्थित एक कारखाने में हुई, जिसके कारण आसपास के कई लोग इससे प्रभावित हो गए और उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ा। कारखाने के मालिक सुनील सिंघल (47) की सोमवार रात में मौत हो गई, जबकि दयाराम (52) और नरेंद्र सोलंकी की मंगलवार को मौत हो गई।

### जिलों में आभूषणों के शोरूम में लूट की साजिश पश्चिम बंगाल में रची गई: बिहार पुलिस

**पटना :** बिहार पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने राज्य के तीन जिलों में आभूषणों के शोरूम में लूट के मामलों की जांच में खुलासा किया कि इन अपराधों की साजिश पश्चिम बंगाल की पुरुलिया जेल में बंद दो गैंगस्टरों ने रची थी। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एसटीएफ ने हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों शेरू सिंह उर्फ ओंकार नाथ सिंह और चंदन उर्फ प्रिंस को बिहार लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) कुंदन कृष्णन ने बताया कि जांच में सामने आया कि सिंह और चंदन दोनों भोजपुर, पटना और पूर्णिया जिलों में आभूषणों के शोरूम में लूट की हाल की घटनाओं में शामिल गिरोह के सरगना हैं। पुलिस ने अब तक बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, छत्तीसगढ़ और जम्मू-कश्मीर के विभिन्न शहरों से आभूषणों के शोरूम में लूट की हालिया घटनाओं में शामिल गिरोह के 17 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा बिहार के अररिया और सारण जिलों में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद तीन और अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि एक आरोपी चुनमुन झा ने 22 मार्च को दम तोड़ दिया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये गिरोह के सभी सदस्य 10 मार्च को आरा (भोजपुर), 31 जनवरी को दानापुर और पिछले वर्ष जुलाई महीने में पूर्णिया में आभूषणों के शोरूम में लूटपाट के मामले में वांछित थे।

समीक्षा

# मनोरंजन

## घमंड का परिणाम !

राजा भोज के दरबार में कालिदास नामक एक महान और विद्वान कवि थे। उन्हें अपनी कला और ज्ञान का बहुत घमंड हो गया था। प्राचीन काल में यात्रा करने के लिए रेल अथवा बस जैसे कोई साधन नहीं होते थे। अधिकतर लोग एक गांव से दूसरे गांव जाने के लिए पैदल ही यात्रा करते थे। एक बार कवि कालिदास भी यात्रा पर निकले। मार्ग में उन्हें बहुत प्यास लगी। वह अपनी प्यास बुझाने के लिए मार्ग में किसी घर अथवा झोपडी को ढूंढ रहे थे, जहां से पानी मांगकर वह अपनी प्यास बुझा सकें।

चलते चलते उन्हें एक घर दिखाई दिया। उस घर के सामने पहुंचकर कालिदासजी बोले, 'माते, कोई है ? मैं बहुत प्यासा हूं, थोडा पानी पिला दीजिए, आपका भला होगा।'


उस घर से एक माताजी बाहर आई और बोली, 'मैं तो तुम्हें जानती भी नहीं। तुम पहले अपना परिचय दो। उसके बाद मैं तुमको पानी अवश्य पिला दूंगी।

कालिदासजी बोले, 'माते, मैं एक पथिक हूं, कृपया अब पानी पिला दें।'

वह माताजी बोली, 'तुम पथिक कैसे हो सकते हो, इस संसार में तो केवल दो ही पथिक हैं, एक है सूर्य और दूसरे चंद्रमा ! वे कभी नहीं रुकते, निरंतर चलते ही रहते हैं। तुम झूठ न बोलो, मुझे सत्य बताओ।

कालिदासजी बोलें, 'मैं एक अतिथि हूं, अब तो कृपया पानी पिला दें।'

माताजी बोली, 'तुम अतिथी कैसे हो सकते हो ? इस संसार में केवल दो ही अतिथि हैं। पहला है धन और दूसरा है यौवन। इन्हें जाने में समय नहीं लगता। अब सत्य बताओ, तुम कौन हो ?



कालिदासजी प्यास के कारण और तर्क से पराजित होकर हताश हो चुके थे। जैसे-तैसे करके वह बोलें, 'मैं सहनशील हूं। अब तो आप पानी पिला दें।

माताजी बोली, 'तुम पुन: झूठ बोल रहे हो। सहनशील तो केवल दो ही हैं, एक है धरती जो कि पापी और पुण्यवान सबका भार सहन करती है। धरती की छाती चीरकर बीज बो देनेपर भी वह अनाज के भंडार देती है। दूसरे सहनशील हैं पेड, जिनको पत्थर मारो तो भी मीठे फल देते हैं। तुम सहनशील नहीं हो। सच बताओ, तुम कौन हो ?'

कालिदासजी अब मूर्च्छा की स्थिति में आ गए और बोले, 'मैं एक हठी हूं।'

माताजी बोली, 'क्यों असत्य पर असत्य बोलते जा रहे हो ? संसार में हठी तो केवल दो ही हैं, पहला है नख और दूसरे हैं केश अर्थात बाल ! उन्हें कितना भी काटो वे पुन: निकल आते हैं। अब सच बताओ, तुम कौन हो ?'

अब कालिदासजी पूर्णत: पराजित और अपमानित हो चुके थे। वे बोले, 'मैं मूर्ख हूं।'

माताजी बोली, 'तुम मूर्ख कैसे हो सकते हो ? मूर्ख तो दो ही हैं, पहला है वह राजा जो बिना योग्यता के भी सभी पर शासन करता है, और दूसरा है उसके दरबार का पंडित जो राजा को खुश करने के लिए उसकी गलत बातों को भी सही सिद्ध करने की चेष्टा में ही लगा रहता है और सदैव उसका झूठा गुणगान करता रहता है।

अब कालिदास जी लगभग मूर्च्छित होकर उन माताजी के चरणों में गिर पडे और पानी की याचना करने लगे, गिडगिडाने लगे।

माताजी ने कहां, 'उठो वत्स !

उनकी आवाज सुनकर कालिदासजी ने ऊपर देखा तो वहां साक्षात सरस्वती माता खडी थीं। कालिदासजी ने उनके चरणो में पुन: नमस्कार किया।

सरस्वती माता ने कहा, 'शिक्षा से ज्ञान आता है, अहंकार नहीं। तुम्हें अपने ज्ञान और शिक्षा के बलपर मान और प्रतिष्ठा तो मिलीं परंतु तुमको उसका अहंकार हो गया। इसलिए मुझे तुम्हारा घमंड तोडने के लिए, अहंकार नष्ट करने के लिए मुझे यह लीला करनी पडी।

कालिदासजी को अपनी गलती समझ में आ गई और उन्होंने सरस्वती माता के चरणों में शरण जाकर उनसे क्षमा मांग ली। माता सरस्वती ने उन्हें आशीर्वाद दिया।

कालिदासजी ने वहां भरपेट पानी पिया और वह अपनी यात्रापर आगे निकल पडे।

**सीख: अपने ज्ञान और विद्वत्ता पर कभी घमंड नहीं करना चाहिए। घमंड हमारी विद्वत्ता को नष्ट कर देता है।**

## चतुर गौरैया और मोर

एक बार की बात है, एक हरे-भरे जंगल में मोर और गौरैया रहते थे। मोर अपनी रंग-बिरंगी पंखों वाली सुंदरता पर बहुत गर्व करता था, जबकि गौरैया छोटी और साधारण दिखने वाली थी। एक दिन बारिश के बाद, दोनों पक्षी खाने की तलाश में निकले। मोर ने गौरैया से कहा, तुम्हारे जैसे साधारण पक्षी के पास कोई खासियत नहीं है। तुम कितनी भी मेहनत कर लो, मुझ जैसी सुंदरता हासिल नहीं कर सकती।



गौरैया ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, सच है, लेकिन सुंदरता ही सब कुछ नहीं होती। तभी तेज बारिश शुरू हो गई, और मोर अपने भारी पंखों के कारण उड़ नहीं सका। गौरैया ने अपनी चतुराई का इस्तेमाल किया और जल्दी से उड़कर एक सुरक्षित पेड़ की शाखा पर बैठ गई। मोर ने समझा कि हर किसी के पास अपनी विशेषता होती है, चाहे वह कितनी भी छोटी हो।

**सीख: हर किसी में एक विशेष गुण होता है, इसलिए किसी को छोटा या साधारण समझने की गलती नहीं करनी चाहिए।**

## गीता की किस्मत

गीता एक गरीब परिवार में रहने वाली छोटी सी बच्ची थी। उसकी मां कल्याणी लोगों के घरों में साफ सफाई का काम करती थी।

उसके पिता एक दिहाड़ी मजदूर थे। उन्हें कभी काम मिलता था, कभी नहीं मिलता था। गीता पहली क्लास में एक सरकारी स्कूल में पढ़ती थी।

गीता पढ़ाई में बहुत होशियार थी। गीता घर पर आकर घर का काम निबटा कर पढ़ने बैठ जाती थी।

एक दिन गीता शाम तक मां का इंतजार कर रही थी, मां के न आने पर वह परेशान हो गई। शाम को उसके पिता मोहन जी घर आये, तो वे गीता को घर पर छोड़ कर कल्याणी को ढूढंने निकले।

कल्याणी जिन घरों में काम करती थी। उन्होंने सब जगह पता किया, उन्हें पता लगा कि कल्याणी तो आज काम पर आई ही नहीं।

रात हो चली थी। मोहन जी पुलिस स्टेशन पहुंच गये। वहां जाकर उन्होंने कहा – ''साहब मेरी पत्नी सुबह से गुम है। आप रिर्पोट लिख लो।''

पुलिस वालों ने कहा – ''चौबिस घंटे से पहले रिर्पोट नहीं लिख सकते।''

मोहन जी को गुस्सा आ गया। वे बोले – ''आपको पता है उसके साथ क्या हो सकता है। आप रिर्पोट लिखो और मेरे साथ उसे ढूंढने चलो।''

पुलिस वाले ने उन्हें उल्टा सीधा बोल कर भगा दिया। निराश होकर वे घर आ गये। घर आकर उन्होंने देखा गीता बैठी रो रही थी।

मोहन जी फटाफट बाजार गये और गीता के लिये खाना लाये। गीता ने थोड़ा सा खाना खाया और सो गई। इधर मोहन जी इधर उधर भटकते रहे, लेकिन कल्याणी का कहीं कुछ पता नहीं लगा था।

सुबह जब गीता की आंख खुली तो उसके घर के बाहर भीड़ लगी हुई थी, सामने सफेद कपड़ा ओढ़े उसकी मां लेटी हुई थी। उनका सिर ढका हुआ था। गीता को कुछ समझा नहीं आया

पास ही में मोहन जी खड़े रो रहे थे। तभी गीता की चाची ने उसे अपने से लिपटा लिया और बोली – ''बेटी तेरी मां हम सब को छोड़ कर चली गईं।''

गीता का दिल धक से बैठ गया उसकी आंखों से आंसू बहने लगे। वह रोती हुई मां से लिपट गई – ''उठो न मां, उठो देखो रात को तुमने मेरे लिये खाना भी नहीं बनाया।''

गीता की चाची उसे संभालने की कोशिश कर रही थी। कुछ देर बाद गीता रोते रोते बेहोश सी हो गई। उसे सब कुछ दिख रहा था। लेकिन अब उसे होश नहीं था। कुछ देर में उसकी मां को अंतिम संस्कार के लिये ले गये।

गीता अब गुमशुम रहने लगी थी। वह किसी से ज्यादा बात नहीं करती थी। एक दिन मोहन जी ने गीता से कहा – 'बेटी कल्याणी तो अब वापस नहीं आयेगी। तू और मैं ही रह गये हैं। तू चिन्ता मत कर मैं तेरा अच्छे से ख्याल ।''

इसी तरह समय बीत रहा था। गीता अब घर के काम निबटाने लगी थी।

एक दिन गीता मन्दिर जा रही थी। वह अब सुबह उठ कर नहा धो कर मन्दिर जाती थी। उसकी मां को मरे दो महीने हुए थे। वह अब मां के सारे काम करने लगी थी। उसकी मां मन्दिर जाती थी। इसलिये वह उनकी जगह मन्दिर जाने लगी।

मन्दिर में उसे एक बुर्जुग मिलती थीं। धीरे धीरे गीता और रंजना जी में जान पहचान हो गई। मन्दिर में दर्शन करने के बाद दोंनो मन्दिर की सीढ़ियों पर कुछ देर के लिये बैठ जाती। रंजना जी ने बातों बातों में गीता के बारे में सब कुछ जान लिया।

एक दिन मोहन जी घर पर ही थे। उनका काम छुट गया था। वे इसी उलझन में थे। कि अब क्या करेंगे। तभी गीता अन्दर आई और बोली – देखो कौन आया है।'

मोहन जी ने देखा तो बाहर एक चमचमाती कार खड़ी थी। उसमें से एक औरत उतर कर उनके घर की ओर आ रही थीं। महंगे कपड़े, जेवर पहने हुए। मोहन जी ने इशारे से गीता से पूछा।

गीता ने बताया – 'अरे पापा ये वही रंजना जी हैं जिनके बारे में मैंने आपको बताया था। ये रोज मुझे मन्दिर में मिलती हैं। आज ये घर आने के लिये कहने लगीं तो मैं इन्हें घर ले आई।

मोहन जी ने उनका हाथ जोड़ कर स्वागत किया और बोले – 'मालकिन आपने क्यों कष्ट किया बच्ची से कह देंती मैं आपकी सेवा में हाजिर हो जाता।'

यह सुनकर रंजना जी ने कहा – ''कुए को प्यासे के पास आना पड़ता है।''

मोहन जी बोले – 'मैं कुछ समझा नहीं ओ हो मैं तो भूल ही गया। आप बैठिये मैं आपके लिये कुछ खाने को लाता हूं।'

रंजना जी बोली – 'नहीं मोहन जी परेशान मत होईये। आप बैठिये मुझे आपसे कुछ बात करनी है। जानतें हैं आपकी बेटी कितनी होनहार और संस्कारी है। जितने ध्यान से यह पूजा करती है। मैं भी नहीं कर सकती। इसके चेहरे का तेज, इसकी हसी मैं घर जाकर भी भूल नहीं पाती। मैं चाहती हूं कि मैं इसका अच्छे से पालन पोषण करूं। अपने घर ले जाकर।'

मोहन जी जितना अपनी बेटी की तारीफ सुनकर खुश हो रहे थे। अब उतने ही दुःखी होकर बोले – ''मालकिन मेरी पत्नी तो पहले ही चली गई है। अब मेरे जीने का एक ये ही सहारा है। इसे भी आप ले जायेंगी तो मैं कैसे जिउंगा।'

रंजना जी ने आगे कहना शुरू किया – ''मोहन जी आप गलत समझ रहे हैं। मैं आप दोंनो को ले जाना चाहती हूं। आपको यहां कभी काम मिलता है कभी नहीं। बस आप मेरे घर की देखभाल करना और गीता मेरे साथ रहेगी। मैं आपको बता दूं। मैं अकेली रहती हूं। मेरे पति अब इस दुनिया में नहीं हैं। और बच्चे विदेश में रहते हैं।'

मोहन जी की आंखों में आंसू आ गये – 'मालकिन एक बिन मां की गरीब बच्ची की आप मदद कर रही हैं। यह मैं सोच भी नहीं सकता था।'

रंजना जी ने कहा – ''नहीं मोहन जी, इस बच्ची से मिलते मिलते मैं इसे चाहने लगी हूं। जानते हैं। इससे थोड़ी सी छोटी मेरी पोती होगी, लेकिन उसे मैंने सिर्फ विड्यिो कॉल पर ही देखा है। मैं इसका अच्छे से पालन पोषण करूंगी। आपकी बेटी लाखों में एक है।''

मोहन जी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। रंजना जी ने आगे कहना शुरू किया – 'आप तैयारी कीजिये मेरे नौकर आकर आपका सामान ले जायेंगे। आप दोंनो अभी मेरे साथ चलिये।''

रंजना जी दोंनो को गाड़ी में बिठा कर घर ले जाती हैं। घर से दो नौकरों को ड्राईवर के साथ मोहन जी के घर भेज कर जरूरी समान मंगवा लेती हैं। जिसमें सबसे जरूरी गीता की मां का फोटो था।

धीरे धीरे समय बीत जाता है एक दिन गीता घर आती है – 'पापा देखो मैं डॉक्टर बन गई। आज ही मुझे डिग्री मिली है। कल से मुझे सरकारी हॉस्पिटल में जाना है।'

मोहन जी उसे अपने साथ ले गये। एक बड़े से हॉल में रंजना जी की तस्वीर लगी थी। मोहन जी बोले – ''बेटी इन्हें नमन कर जिन्होंने तेरी किस्मत बदल दी। माना ये देवी अब हमारे बीच में नहीं हैं। लेकिन मुझे आज भी याद है अपने अंतिम समय में इन्होंने मेरे से यही कहा था, कि मेरी यही अंतिम इच्छा है। मेरा अंतिम संस्कार गीता करे। आप यहां का सब संभाल लें और इसे डॉक्टर बनायें।'

गीता और मोहन जी दोंनो की आंखों से आंसू बह रहे थे। एक तरफ रंजना जी के बेटे थे, तो उनके मरने पर भी नहीं आये और एक तरफ यह एक गरीब लड़की थी। जिसने रंजना जी को इतना प्यार दिया, कि वो अपना सब कुछ इसके नाम कर गईं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### रणवीर इलाहाबादिया ने न्यायालय को अपने शो में शालीनता बनाए रखने का भरोसा दिलाया

**नयी दिल्ली :** पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया ने उच्चतम न्यायालय में मंगलवार को लिखित आश्वासन दिया कि वह अपने कार्यक्रम 'द रणवीर शो' में शालीनता बनाए रखेंगे। इलाहाबादिया की ओर पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिनव चंद्रचूड़ ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ को बताया कि उनके मुवक्किल ने शीर्ष अदालत के निर्देश के अनुपालन में लिखित आश्वासन दाखिल किया है और मामले की जांच में शामिल होकर अपने बयान दर्ज कराए हैं। चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत से इलाहाबादिया पर लगाई गई पासपोर्ट जमा करने की शर्त में संशोधन करने का अनुरोध किया। उन्होंने दलील दी कि यह शर्त उनकी आजीविका को प्रभावित करती है।

### भारत ने वित्त वर्ष 2025 में 198.65 लाख टन चावल का निर्यात किया : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि भारत ने पिछले वित्त वर्ष के दौरान 25 मार्च तक 198.65 लाख टन चावल का निर्यात किया जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह मात्रा 163.58 लाख टन थी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों की राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बांभनिया ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृषि-वस्तुओं के घरेलू उत्पादन, उनकी उपलब्धता और आयात/निर्यात पर सरकार द्वारा कड़ी निगरानी रखी जाती है। उन्होंने कहा, ''...उपभोक्ताओं, घरेलू किसानों और उद्योग के हितों को ध्यान में रखते हुए, सरकार देश में घरेलू खाद्य सुरक्षा को संतुलित करने के लिए आवश्यकतानुसार आवश्यक नीतिगत हस्तक्षेप करती है।'' मंत्री ने पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान चावल निर्यात के आंकड़े साझा किए।

### ओडिशा में आयुष्मान योजना अगले दो हफ्ते में लागू होगी : मुख्यमंत्री माझी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अगले दो हफ्ते में लागू कर दी जाएगी। कटक जिले में आयोजित ओडिशा दिवस समारोह में माझी ने कहा कि राज्य सरकार ने पहले इस योजना को एक अप्रैल को गोपबंधु जन आरोग्य योजना के साथ लागू करने की योजना बनाई थी, लेकिन बाद में इसके क्रियान्वयन की तारीख बदल दी गई। हालांकि, मुख्यमंत्री ने तिथि में बदलाव की वजह नहीं बताई। उन्होंने दावा किया कि राज्यभर में करीब 3.52 करोड़ लोग इस स्वास्थ्य योजना के दायरे में आएंगे। आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को देशभर के 29,000 अस्पतालों में 'नकदी रहित' इलाज की सुविधा मिलती है।

### संसद ने दी 'त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 को मंजूरी


**नयी दिल्ली :** संसद ने मंगलवार को सहकारिता क्षेत्र में शिक्षा, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के लिए देश के पहले सहकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रावधान वाले एक विधेयक को मंजूरी दे दी, जिसे राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया जाएगा। राज्यसभा ने इन प्रावधानों वाले 'त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025' को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। इससे पहले विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने सहकारिता क्षेत्र की जरूरतों को समझते हुए एक अलग मंत्रालय बनाया। मोहोल ने कहा कि कहा कि इस विश्वविद्यालय से पूरे देश को नया सहकारी नेतृत्व प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के पारित होने के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, स्वरोजगार बढ़ेगा, छोटे उद्योगों का विकास होगा, सामाजिक समावेश बढ़ेगा और नवाचार में नए मानक स्थापित होंगे।

# नक्सलवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर छह रह गई है: अमित शाह



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को घोषणा की कि वामपंथी उग्रवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर छह रह गई है जो नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार नक्सलवाद के प्रति निर्मम दृष्टिकोण अपनाकर और सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास करके ''सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत'' का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत नक्सलवाद को 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह से जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए आज हमारे देश ने वामपंथी उग्रवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिलों की संख्या को 12 से घटाकर मात्र छह करके एक नयी उपलब्धि हासिल की है।'' केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित जिले वे हैं जहां नक्सली गतिविधियां एवं हिंसा अब भी जारी है। एलडब्ल्यूई प्रभावित जिलों को 'सबसे अधिक प्रभावित जिले' के रूप में उप-वर्गीकृत किया गया है। यह 2015 में लायी गई शब्दावली है। इसके अलावा एक उप वर्ग 'डिस्ट्रिक्ट ऑफ कन्सर्न' (ऐसे जिले हैं जहां चिंता) है। यह उप श्रेणी 2021 में बनायी गई थी। पिछली समीक्षा के अनुसार 'सर्वाधिक प्रभावित जिले' 12 थे। गृह मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि देश में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की कुल संख्या 38 है। इनमें से 'सबसे अधिक प्रभावित जिलों' की संख्या 12 से घटकर छह रह गई है। इसके अलावा 'डिस्ट्रिक्ट ऑफ कन्सर्न' की संख्या नौ थी जो घटकर छह रह गई है।

# भारत और चिली व्यापार समझौते के लिए वार्ता शुरू करने पर सहमत



**नयी दिल्ली :** भारत और चिली ने मंगलवार को व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर वार्ता शुरू करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक फॉन्ट ने व्यापार, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक चर्चा की। लातिन अमेरिका में चिली को भारत का एक महत्वपूर्ण ''मित्र और साझेदार'' बताते हुए मोदी ने कहा कि आगामी दशक में समग्र सहयोग बढ़ाने के लिए कई नयी पहल की पहचान की गई है। बोरिक, मंत्रियों, सांसदों, वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापारिक नेताओं के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत की पांच दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। मोदी ने मीडिया को दिए अपने बयान में कहा, ''भारत और चिली विश्व मानचित्र के अलग-अलग छोर पर स्थित हो सकते हैं, हमारे बीच विशाल महासागर हो सकते हैं, लेकिन प्रकृति ने हमें अद्वितीय समानताओं से जोड़ा है।'' उन्होंने कहा, ''हिंद महासागर की लहरें भारत में उसी ऊर्जा के साथ उत्पन्न होती हैं, जैसे प्रशांत महासागर की लहरें चिली के तटों को छूती हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा, रेलवे, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में चिली के साथ अपने सकारात्मक अनुभव साझा करने के लिए तैयार है।

## दिल्ली: 'ब्रेन डेड' महिला के अंगों से कई लोगों की जिंदगी बची




**नयी दिल्ली :** दिल्ली में 'ब्रेन डेड' घोषित की गई 46 वर्षीय एक महिला के अंगों से कई लोगों की जान बचाई गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शालीमार बाग स्थित फोर्टिस अस्पताल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि महिला को 19 मार्च को गंभीर हालत में यहां भर्ती कराया गया था और 27 मार्च को उसे 'ब्रेन डेड' घोषित कर दिया गया था। न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. राकेश दुआ ने बताया कि महिला को 'ब्रेन डेड' घोषित किए जाने के बाद उसके परिवार ने उसके (महिला) अंग दान करने का फैसला किया, जिससे अन्य मरीजों में उसके गुर्दे, फेफड़े और लिवर का सफल प्रत्यारोपण कर उनकी जान बचाई गई। राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) के अनुसार, जब किसी मरीज को 'ब्रेन डेड' घोषित कर दिया जाता है, तो अस्पताल उसके परिवार को उसके अंग दान करने के बारे में परामर्श दे सकता है। सघन देखभाल विभाग के वरिष्ठ निदेशक डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि महिला के एक गुर्दे और फेफड़े को शालीमार बाग स्थित फोर्टिस अस्पताल में दूसरे मरीजों में प्रत्यारोपित किया गया, जबकि उसके दूसरे गुर्दे को गुरुग्राम स्थित फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट भेजा गया।

## स्वयंसेवकों को मथुरा, वाराणसी मंदिरों से जुड़े प्रयासों में भाग लेने से नहीं रोकेंगे: होसबाले



**बेंगलुरु :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि संघ अपने स्वयंसेवकों को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े प्रयासों में भाग लेने से नहीं रोकेगा। साथ ही उन्होंने मस्जिदों के नीचे से मंदिरों को खोजने की निरर्थकता को भी रेखांकित किया। होसबाले ने यह भी कहा कि अतीत का पता लगाने में लगे रहने से समाज अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तनों पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएगा, जैसे अस्पृश्यता को समाप्त करना, युवाओं में मूल्यों का संचार करना तथा संस्कृति और भाषाओं को संरक्षित करना। दक्षिणपंथी कन्नड़ साप्ताहिक पत्रिका 'विक्रम' के साथ एक साक्षात्कार में होसबाले ने कहा कि आज समाज धर्मांतरण, गोहत्या, लव जिहाद और कई अन्य चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। होसबाले ने कहा, ''विश्व हिंदू परिषद और धर्म गुरुओं ने तीन मंदिरों के बारे में बात की। अगर कुछ स्वयंसेवक इन तीन मंदिरों से संबंधित प्रयासों में शामिल हैं, तो संघ उन्हें रोक नहीं रहा है।'' हिंदूवादी समूहों का दावा है कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट कर दिया और उनके ऊपर मस्जिदें बना दीं। होसबाले ने यह भी स्पष्ट किया कि संघ ने राम जन्मभूमि आंदोलन शुरू नहीं किया था। उन्होंने बताया, ''कई साधुओं, संतों और मठाधिपतियों ने बैठक की, चर्चा की और राम जन्मभूमि को पुनः प्राप्त करने का निर्णय लिया। उन्होंने समर्थन के लिए संघ से संपर्क किया और हम इस बात पर सहमत हुए कि सांस्कृतिक दृष्टिकोण से राम जन्मभूमि को पुनः प्राप्त करना और मंदिर का निर्माण आवश्यक था।''

## ओसीआई कार्डधारक के अधिकार को मनमाने ढंग से कम नहीं किया जा सकता: उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि वैध ओसीआई कार्डधारक किसी प्रवासी भारतीय नागरिक के अधिकार को मनमाने ढंग से कम नहीं किया जा सकता है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि नगालैंड और पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में कथित अनधिकृत मिशनरी गतिविधियों में शामिल ओसीआई कार्डधारक को निर्वासित करने और काली सूची में डालने में वैधानिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि जॉन रॉबर्ट रॉटन तृतीय को आरोपों का जवाब देने के लिए प्रभावी अवसर दिया जाना चाहिए था। अदालत ने मौखिक आदेश देने से पहले केंद्र को जॉन के जवाब के लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस देने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने कहा कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत अंतर्निहित हैं और यह किसी प्रवासी भारतीय नागरिक (ओसीआई) कार्डधारक का पंजीकरण रद्द करने के लिए परिकल्पित वैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा है। अदालत ने कहा, ''वर्तमान मामले में, याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया, तथा उसे निर्वासन/काली सूची में डालने के आधार के बारे में भी सूचित नहीं किया गया।'' अदालत ने 28 मार्च को दिए गए फैसले में कहा, ''निर्वासन के समय उसे न तो यह बताया गया कि उसे काली सूची में डाल दिया गया है और न ही उसके खिलाफ लगाए गए आरोपों को चुनौती देने का अवसर दिया गया।''

## बीते वित्त वर्ष में रेलवे की माल ढुलाई 1.68 प्रतिशत बढ़कर 161.7 करोड़ टन पर



**नयी दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2024-25 में माल ढुलाई में 1.68 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। वित्त वर्ष के दौरान रेलवे की माल ढुलाई 2023-24 के 159 करोड़ 6.8 लाख टन के मुकाबले 161 करोड़ 73.8 लाख टन हो गई। रेल मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रेल मंत्रालय ने बयान में कहा, ''घरेलू कोयले की ढुलाई में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि घरेलू कंटेनरों में 19.72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। उर्वरक ढुलाई में 1.25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि पेट्रोलियम, तेल और लुब्रिकेंट की ढुलाई में 0.61 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।'' इसमें कहा गया, ''क्षेत्रीय रेलवे द्वारा प्राप्त लोडिंग के संदर्भ में, पूर्वी रेलवे ने 16.11 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की, जबकि दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे ने 7.28 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने 4.21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ ऊपर की ओर रुझान दर्ज किया।''

### अमिताभ बच्चन राम नवमी लाइवस्ट्रीम के लिए करेंगे 'राम कथा' का वाचन

**नयी दिल्ली :** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन राम नवमी के उपलक्ष्य में 'राम कथा' की भावनात्मक कहानियां सुनाने के लिए तैयार है। यह आयोजन अयोध्या से 'जियो हॉटस्टार' पर 'लाइव स्ट्रीम' किया जाएगा। एक बयान के अनुसार, प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के आयोजन के लिए अयोध्या में होने वाला यह भव्य कार्यक्रम छह अप्रैल को सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक ओटीटी मंच 'जियो हॉटस्टार' पर प्रसारित होगा। बयान में कहा गया है, इस आयोजन में पद्म विभूषण सम्मानित श्री अमिताभ बच्चन राम कथा की मार्मिक कहानियों का वाचन करेंगे। अमिताभ बच्चन ने कहा, इस पावन अवसर का हिस्सा बनना जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है।

## 25 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में 13,056 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र पर अतिक्रमण



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को राज्यों द्वारा सौंपे गए आंकड़ों के अनुसार, 25 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में 13,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक वन क्षेत्र पर अतिक्रमण किया गया है, जो दिल्ली, सिक्किम और गोवा के कुल भौगोलिक क्षेत्र से भी अधिक है। अभी तक 10 राज्यों ने वन अतिक्रमण पर आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए हैं। पिछले वर्ष राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने 'पीटीआई-भाषा' की एक खबर पर स्वतः संज्ञान लिया था, जिसमें सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया था कि भारत में 7,50,648 हेक्टेयर (या 7506.48 वर्ग किलोमीटर) वन क्षेत्र अतिक्रमण के अधीन है, जो दिल्ली के क्षेत्रफल से पांच गुना अधिक है। पर्यावरण मंत्रालय ने पिछले हफ्ते एनजीटी को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा कि मार्च 2024 तक 25 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में कुल 13,05,668.1 हेक्टेयर (या 13,056 वर्ग किलोमीटर) वन क्षेत्र अतिक्रमण के अधीन था। रिपोर्ट में जिन राज्यों के आंकड़ों के बारे में जानकारी दी गई है, उनमें अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, असम, अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, केरल, लक्षद्वीप, महाराष्ट्र, ओडिशा, पुडुचेरी, पंजाब, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, झारखंड, सिक्किम, मध्यप्रदेश, मिजोरम और मणिपुर शामिल हैं। जिन राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों ने अभी भी वन अतिक्रमण का विवरण प्रस्तुत नहीं किया है, उनमें बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, नगालैंड, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं। वन क्षेत्र या रिकॉर्डेड फॉरेस्ट एरिया (आरएफए) में सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर वन के रूप में नामित भूमि शामिल होती है, भले ही उस पर पेड़ न हों।

## अदालत को ब्याज दर निर्धारित करने का अधिकार: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि अदालतें ब्याज की दर निर्धारित करने और यह निर्णय लेने के लिए अधिकृत हैं कि ब्याज मुकदमा दायर करने की तारीख से, उससे पहले की अवधि से या आदेश की तारीख से देय है, जो प्रत्येक मामले के तथ्यों पर निर्भर करता है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने यह टिप्पणी उस फैसले में की, जिससे राज्य सरकार को हस्तांतरित शेयरों के मूल्यांकन को लेकर आई के मर्चेंट्स प्राइवेट लिमिटेड और राजस्थान सरकार सहित निजी पक्षों के बीच 52 साल से चल रही कानूनी लड़ाई समाप्त हो गई। पीठ ने शेयरों के मूल्यांकन से संबंधित विलंबित भुगतान पर लागू ब्याज दर को भी संशोधित किया। कुल 32 पन्नों के फैसले को लिखते हुए न्यायमूर्ति महादेवन ने कहा, यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि न्यायालयों के पास कानून के अनुसार तथ्यों और परिस्थितियों की समग्रता पर विचार करते हुए उचित ब्याज दर निर्धारित करने का अधिकार है। फैसले में कहा गया, इसके अलावा, अदालतों के पास यह तय करने का विवेकाधिकार है कि ब्याज मुकदमा दायर करने की तारीख से, उससे पहले की अवधि से या आदेश की तारीख से देय है, जो प्रत्येक मामले के विशिष्ट तथ्यों पर निर्भर करता है।

## भारत अपनी शुल्क दरों में बहुत बड़ी कटौती करेगा: ट्रंप



**न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों पर दो अप्रैल से जवाबी सीमा शुल्क लगाए जाने के पहले कहा है कि भारत 'अपनी शुल्क दरों में बहुत बड़ी कटौती करेगा।' ट्रंप ने आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस में स्थित कार्यालय 'ओवल ऑफिस' में सोमवार को संवाददाताओं के साथ बातचीत में भारत को लेकर यह बात कही। ट्रंप कई बार भारत को बहुत ऊंचे शुल्क वाला देश बता चुके हैं। इसी क्रम में उन्होंने भारत के अलावा कुछ अन्य देशों से आयातित उत्पादों पर दो अप्रैल से जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है। इस बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ''मुझे लगता है कि बहुत से (देश) अपने शुल्क में कटौती करेंगे क्योंकि वे वर्षों से अमेरिका पर अनुचित तरीके से शुल्क लगाते आ रहे हैं। यदि आप यूरोपीय संघ को देखें, तो उसने कारों पर पहले ही अपने शुल्क को 2.5 प्रतिशत तक घटा दिया है।'' उन्होंने कहा, ''अभी कुछ समय पहले ही मैंने सुना कि भारत अपने शुल्क में बहुत बड़ी कटौती करने जा रहा है। मैंने कहा, किसी ने ऐसा बहुत पहले क्यों नहीं किया। बहुत से देश अपने शुल्क में कटौती करने जा रहे हैं।'' ट्रंप की जवाबी शुल्क नीति 'जैसे को तैसा' सिद्धांत पर आधारित है। इसका मतलब है कि अमेरिका उन देशों से आयातित वस्तुओं पर वही शुल्क लगाएगा जो ये देश अमेरिकी उत्पादों पर लगाते हैं। इसका भारत के अलावा चीन, यूरोपीय संघ, कनाडा एवं मेक्सिको पर विशेष असर पड़ने की आशंका है। ट्रंप की ताजा टिप्पणियों से कुछ घंटे पहले ही व्हाइट हाउस ने कहा कि भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाता है। उसने कहा कि अन्य देशों द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क ने अमेरिकी उत्पादों का उन देशों में आयात 'लगभग असंभव' बना दिया है।

## निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ लगभग 5,000 बैठकें कीं




**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के मुद्दों को सुलझाने के लिए देश भर में विभिन्न स्तरों पर पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ लगभग 5,000 बैठकें की हैं। पच्चीस दिनों की अवधि में कुल 4,719 बैठकें आयोजित की गईं, जिसमें राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) ने 40, जिला निर्वाचन अधिकारियों ने 800 तथा निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों ने कुल 3,879 बैठकें की हैं। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को बताया कि आयोग के अधिकारियों ने देश भर के राजनीतिक दलों के 28,000 से अधिक प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। हाल ही में मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के आयोजित किए गए सम्मेलन में ये बैठकें करने का निर्णय लिया गया है। बैठकों के परिणाम का आकलन करने के लिए सभी राज्यों से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई है। यदि कोई मुद्दा मौजूदा कानूनी ढांचे के भीतर नहीं सुलझ पाता है तो निर्वाचन आयोग उस मुद्दे को देखेगा।

# मोदी सरकार आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा करने में विफल रही : राहुल गांधी



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा करने में विफल रही है। उन्होंने सरकार से उच्चतम न्यायालय में वन अधिकार अधिनियम का बचाव करने के लिए तेजी से कदम उठाने का आग्रह किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) की अवहेलना कर रही है, जिसके कारण लाखों आदिवासी परिवार अपनी पारंपरिक जमीन से बेदखल होने का सामना कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने ऐतिहासिक अन्याय को ठीक करने तथा आदिवासियों को उनके ''जल, जंगल और जमीन'' पर अधिकार सुनिश्चित करने के लिए 2006 में यह कानून पेश किया था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''हालांकि, केंद्र सरकार की निष्क्रियता के कारण एफआरए के तहत अनगिनत वास्तविक दावों को बिना किसी समीक्षा के मनमाने ढंग से खारिज कर दिया गया है।'' उन्होंने कहा, ''2019 में, उच्चतम न्यायालय ने उन सभी लोगों को बेदखल करने का आदेश दिया जिनके दावे खारिज कर दिए गए थे, इस कदम से पूरे देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। जवाब में, अदालत ने बेदखली की प्रक्रिया रोक दी और खारिज किए गए दावों की गहन समीक्षा करने का आदेश दिया।''

## न्यायालय ने एनजीओ को लगाई फटकार, कहा : हर परियोजना का विरोध होगा, तो देश कैसे तरक्की करेगा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के जयकवाड़ी बांध में एक नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना का विरोध करने के लिए एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) को मंगलवार को फटकार लगाई और पूछा कि हर परियोजना का विरोध किया जाएगा, तो देश कैसे तरक्की करेगा। जयकवाड़ी बांध क्षेत्र को एक आरक्षित पक्षी अभयारण्य और एक पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्र के रूप में नामित किया गया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने एनजीओ 'कहार समाज पंच समिति' की प्रामाणिकता पर भी सवाल उठाए और पूछा, आपको किसने खड़ा किया है और वित्त पोषित किया है? पर्यावरण संरक्षण में आपका पिछला अनुभव क्या है? पीठ ने एनजीओ की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के नौ सितंबर 2024 के आदेश को चुनौती दी गई थी। उसने कहा कि एनजीटी ने एनजीओ की याचिका का सही आकलन किया और उसे अधिकरण के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं मिला। पीठ ने कहा, आप एक भी परियोजना को काम करने नहीं दे रहे हैं। अगर हर परियोजना का विरोध किया जाएगा, तो देश कैसे तरक्की करेगा? यहां तक कि सौर ऊर्जा परियोजना के साथ भी आपको समस्या है।

### भारत का रक्षा निर्यात 2024-25 में 12 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 23,622 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपये (लगभग 2.76 अरब डॉलर) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 12.04 प्रतिशत अधिक है। सिंह ने यह भी कहा कि देश 2029 तक रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ रुपये करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तैयार है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपये रहा था। रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया है।''

# पंजाब ने लखनऊ को आठ विकेट से हराया, प्रभसिमरन सिंह के बाद श्रेयस अय्यर का अर्धशतक

**लखनऊ :** पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को आठ विकेट से हराकर इस सत्र की अपनी दूसरी जीत दर्ज की। मंगलवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 171 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 177 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। लगातार दो मैचों में जीत के साथ पंजाब अंक तालिका में चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब को पहला झटका 26 रन के स्कोर पर लगा। दिग्वेश राठी ने प्रियांश आर्या को शार्दुल ठाकुर के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ आठ रन बना सके। इसके बाद मोर्चा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 44 गेंदों में 84 रन की साझेदारी हुई। इस दौरान दिग्वेश राठी ने प्रभसिमरन



को रवि बिश्नोई के हाथों कैच कराया। उन्होंने महज 23 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का चौथा पचासा पूरा किया। वह 44 गेंदों में 69 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान श्रेयस को नेहल वढेरा का साथ मिला। दोनों ने 37 गेंदों में 67 रनों की नाबाद साझेदारी निभाई और टीम को जीत दिलाई। अय्यर ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक जड़ा जबकि नेहल ने 43 रन बनाए।

### हमने पर्याप्त रन नहीं बनाए: पंत

**लखनऊ :** लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ आठ विकेट की करारी हार के बाद स्वीकार किया कि उनकी टीम ने पर्याप्त रन नहीं बनाए। पंत ने कहा कि उनकी टीम ने 20 से 25 रन कम बनाए। पंत ने मैच के बाद कहा, ''यह काफी नहीं था, हम 20-25 रन पीछे रह गए। यह खेल का एक हिस्सा है – हमारा पहला घरेलू मैच था इसलिए अब भी परिस्थितियों का आकलन कर रहे हैं।' सुपर जाइंट्स के कप्तान ने स्वीकार किया कि खराब शुरुआत का असर उनके कुल स्कोर पर पड़ा।

### 2022 से 2025 तक खेल काफी बदल गया है, मैं इसका आदी हो रहा हूं : प्रसिद्ध कृष्णा

**बेंगलुरु :** चोटों के कारण 2022 से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से दूर रहने के लिए मजबूर होने के बाद गुजरात टाइटंस (जीटी) के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा धीरे धीरे खेल की गति के अभ्यस्त हो रहे हैं। जीटी के साथ अनुबंध के जरिए लीग में लौटे प्रसिद्ध ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 41 रन लुटाए जो तीन साल बाद टूर्नामेंट में उनका पहला मैच था। हालांकि, कर्नाटक के इस खिलाड़ी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट का स्पैल डाला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर प्रसिद्ध ने कहा, 'जितना मैं खुद को यह बताने की कोशिश कर रहा हूं कि यह सिर्फ एक और टूर्नामेंट है, सिर्फ एक और मैच है, उतना ही मुझे लग रहा है कि मैं कुछ साल के बाद आ रहा हूं। विशेषकर पिछले दो साल में मैंने बहुत अधिक टी20 मैच नहीं खेले हैं और 2022 से 2025 तक खेल की गति बदल गई है।'

## न्यूज अपडेट

### ओलंपिक पदक नहीं जीतने की कसक हमेशा रहेगी: अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने के बाद वंदना



**नयी दिल्ली :** भारतीय हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया के लिए समाज की रूढ़िवादी सोच और जातिवाद से जूझना कभी आसान नहीं था लेकिन दिवंगत पिता के समर्थन से वह भारत की सबसे बेहतरीन महिला हॉकी खिलाड़ियों में से एक बनने के साथ वह अपने गांव की लड़कियों को भी इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करने में सफल रही। वंदना को सबसे बड़ी निराशा ओलंपिक पदक जीतने से चूकने की है लेकिन वह देश की सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी बन कर उभरी। इस 32 साल की खिलाड़ी ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया। उन्होंने भारत के लिए 320 मैचों में 158 गोल किये। वंदना को हालांकि हॉकी मैदान के बाहर भी कई तरह की चुनौतियों से निपटना पड़ा। तोक्यो ओलंपिक खेलों के दौरान सेमीफाइनल में भारत के अर्जेंटीना से हारने के बाद विजय पाल नामक एक व्यक्ति और उसके दोस्तों ने वंदना के घर के बाहर हंगामा किया और उसके परिवार के सदस्यों को 'दलित' समुदाय से होने के कारण जाति सूचक गालियां दीं। वंदना ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा करने के बाद 'पीटीआई' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, 'जब मैंने रोशनाबाद (हरिद्वार में) से हॉकी शुरू की तो ऐसी मानसिकता थी कि लड़कियां घर से बाहर नहीं जा सकतीं, करियर में कुछ नहीं कर सकतीं। हमारे पड़ोसी और रिश्तेदार मेरे पिता से कहते थे कि आप उसे बाहर क्यों भेज रहे हैं लेकिन उन्होंने कभी उन लोगों की बात पर ध्यान नहीं दिया और मेरा समर्थन किया, इसलिए वे मेरी प्रेरणा थे।'

### दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के कोच वाल्टर ने निजी कारणों से इस्तीफा दिया

**जोहान्सबर्ग :** दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के मुख्य कोच रॉब वाल्टर निजी कारणों से इस महीने के अंत में अपने पद से हट जाएंगे। वाल्टर ने निजी कारणों से अपना इस्तीफा दिया जिसे क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने स्वीकार कर लिया है। मार्च 2023 से इस पद पर काबिज वाल्टर ने वैश्विक मंच पर दक्षिण अफ्रीका की हालिया सफलताओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके मार्गदर्शन में दक्षिण अफ्रीका ने 2024 में अपने पहले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया जहां वे बारबाडोस में भारत से हारकर उपविजेता रहे।

## जीत की हैट्रिक लगाने टाइटंस के खिलाफ घरेलू मैदान पर उतरेगी आरसीबी

**बेंगलुरू :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू अपने घरेलू मैदान पर आईपीएल के इस सत्र का पहला मैच खेलने बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य अपने गेंदबाजों के शानदार फॉर्म के दम पर जीत की हैट्रिक लगाने का होगा। आरसीबी ने कोलकाता को ईडन गार्डंस पर और चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर हराकर शानदार शुरूआत की है। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच हालांकि बल्लेबाजों की मददगार है और यहां तीन बार 260 से अधिक का स्कोर बन चुका है। छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड ने गेंदबाजों को हमेशा परेशान किया है लेकिन रॉयल चैलेंजर्स का मानना है कि उसके दो गेंदबाज



जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार यहां बल्लेबाजों पर अंकुश लगा सकते हैं। हेजलवुड ने इस आईपीएल में छह से कम की इकॉनॉमी रेट से रन दिये हैं जबकि चेन्नई के खिलाफ मैच में भुवनेश्वर ने प्रति ओवर सिर्फ 6.6 की औसत से रन दिये। गुजरात टाइटंस के पास काफी सक्षम बल्लेबाज हैं। कप्तान शुभमन गिल और बी साइ सुदर्शन अच्छी सलामी जोड़ी बना चुके हैं। आरसीबी की कोशिश होगी कि उन्हें अच्छी शुरूआत नहीं करने दे। नयी गेंद को स्विंग कराने के कौशल से भुवनेश्वर और सटीक गेंदबाजी के फन में माहिर हेजलवुड मिलकर उनकी परेशानी का सबब बन सकते हैं। बायें हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल भी उपयोगी साबित हुए हैं। स्पिन विभाग में कृणाल पंड्या और सुयांश शर्मा कमजोर लग रहे हैं जबकि गुजरात के पास राशिद खान और आर साइ किशोर जैसे खतरनाक स्पिनर हैं। ऐसे में विराट कोहली, फिल साल्ट, कप्तान रजत पाटीदार और देवदत्त पड्डिकल की असल परीक्षा स्पिनरों के सामने होगी। गुजरात के पास कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज जैसे तेज गेंदबाज हैं। आरसीबी के लिये खेलने वाले सिराज को नीलामी में गुजरात ने खरीदा था।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली बेंगलुरु में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मैच से पहले अभ्यास सत्र के दौरान

---

समाज्ञा व्यापार

## न्यूज इन ब्रीफ

### बीएसएनएल ने रिलायंस जियो से नहीं की वसूली, सरकार को हुए 1,757 करोड़ रुपये का नुकसान : कैग

**नयी दिल्ली :** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने मंगलवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने टावर जैसे बुनियादी ढांचे को साझा करने पर अपने समझौते के अनुसार मई, 2014 से रिलायंस जियो से 10 साल कोई वसूली नहीं की, जिससे सरकार को 1,757.56 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। कैग ने बयान में कहा कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को 38.36 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, क्योंकि वह दूरसंचार बुनियादी ढांचा प्रदाताओं (टीआईपी) को दिए जाने वाले राजस्व हिस्से से लाइसेंस शुल्क का हिस्सा काटने में विफल रही।

### अब डिजिलॉकर के जरिये डीमैट, म्यूचुअल फंड का विवरण ले सकेंगे उपयोगकर्ता

**नयी दिल्ली :** निवेशक दस्तावेज संग्रह के डिजिटल मंच 'डिजिलॉकर' के जरिये अब अपने डीमैट खाते का विवरण और म्यूचुअल फंड से संबंधित जानकारी को स्टोर करने के साथ उसे देख सकते हैं। यह व्यवस्था एक अप्रैल से लागू हो गई है। इस पहल से भारतीय प्रतिभूति बाजार में बिना दावे वाली संपत्तियों में कमी आएगी और निवेशकों के हितों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। डिजिलॉकर सरकार की एक अहम डिजिटल सेवा है, जो नागरिकों को डिजिटल रूप में दस्तावेज़ों को सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने और साझा करने की सुविधा देती है। सरकार ने डिजिलॉकर पर उपलब्ध सेवाओं का विस्तार कर दिया है, जिसमें पहले से ही बैंक खाता विवरण, बीमा पॉलिसी प्रमाणपत्र और एनपीएस खाता विवरण शामिल हैं।


### स्विगी को 158 करोड़ रुपये की कर मांग को लेकर नोटिस

**नयी दिल्ली :** खाना और किराने का सामान का ऑनलाइन ऑर्डर और आपूर्ति की सुविधा देने वाले मंच स्विगी को अप्रैल, 2021 से मार्च, 2022 के बीच की अवधि के लिए 158 करोड़ रुपये से अधिक की अतिरिक्त कर मांग को लेकर नोटिस मिला है। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि यह आदेश आयकर उपायुक्त (सेंट्रल सर्कल 1 (1), बेंगलोर) ने जारी किया है। स्विगी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'कंपनी को अप्रैल, 2021 से मार्च, 2022 की अवधि के लिए एक आकलन आदेश प्राप्त हुआ है। इसमें कर के रूप में 1,58,25,80,987 रुपये की वृद्धि की गई है।'

# अमेरिका के जवाबी शुल्क से पहले सेंसेक्स 1,390 अंक टूटा, निफ्टी भी 354 अंक के नुकसान में

**बाजार में गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 3.44 लाख करोड़ रुपये घटी**

**मुंबई :** शेयर बाजार में नये वित्त वर्ष के पहले दिन बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,390 अंक का गोता लगा गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 354 अंक टूटा। अमेरिका के दो अप्रैल से जवाबी शुल्क लगाये जाने से पहले जारी अनिश्चितता के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) तथा निजी बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,390.41 अंक यानी 1.80 प्रतिशत लुढ़क कर 76,024.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 1,502.74 अंक तक का गोता लगा गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में 28 नुकसान में रहे। केवल दो में लाभ रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 353.65 अंक यानी 1.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,165.70



अंक पर बंद हुआ। दोनों मानक सूचकांकों में यह एक महीने में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दो अप्रैल से जवाबी शुल्क लगाने की योजना है। उन्होंने इसे अमेरिका के लिए 'मुक्ति दिवस' करार दिया है। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा और एनटीपीसी में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक पांच प्रतिशत से अधिक चढ़ा, जबकि जोमैटो मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी जवाबी शुल्क की घोषणा से पहले वैश्विक अस्थिरता के बीच, घरेलू बाजार में आज भारी बिकवाली देखी गई।' उन्होंने कहा, 'अमेरिकी बाजार में कारोबार अधिक होने से आईटी क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। महाराष्ट्र में रेडी रेकनर दरों (सर्किल रेट) में वृद्धि के बाद रियल एस्टेट कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई...।' रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'दो अप्रैल की समयसीमा से पहले अमेरिका के जवाबी शुल्क की दरों को लेकर अनिश्चितता और वैश्विक व्यापार पर इसके संभावित प्रभाव के कारण बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। बाद में यह नुकसान और बढ़ गया।' मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप 1.04 प्रतिशत टूटा, जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप मामूली 0.07 प्रतिशत चढ़ा।

## सार्वजनिक वित्त पर राजनीति नहीं होनी चाहिए: सीतारमण



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि सार्वजनिक वित्त पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए क्योंकि इसका केंद्र और राज्यों पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है। सीतारमण ने यहां 'नीति एनसीएईआर (नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लॉयड इकनॉमिक रिसर्च) राज्य आर्थिक मंच' पोर्टल की शुरुआत करते हुए कहा कि कर्ज वित्तीय सूझबूझ के साथ लिया जाना चाहिए और आगे चलकर यह बोझ नहीं बनना चाहिए। उन्होंने कहा, 'पैसे जुटाना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि अपने कर्ज का प्रबंधन करना। अगर मैं जनता के लिए परियोजनाएं या योजनाएं देने की घोषणा करती हूं तो इस मामले में अच्छी हो सकती हूं...लेकिन इसके लिए अगर मेरे पास ससाधन नहीं हैं तो इसका कोई फायदा नहीं है...।' सीतारमण ने कहा कि उधार लेते समय सभी वास्तविकताओं को ध्यान में रखना चाहिए। दुनिया भर में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए उधार लेने का एक लोभ है। उन्होंने कहा, 'जिस तरह तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने के लिए संघर्ष करना पड़ता है, उस तरह उधार लेने को नियंत्रित करने के लिए भी बड़ा संघर्ष करना पड़ता है। देश इतने कर्ज में डूबे हुए हैं कि स्वीकार्य स्तर पर आने में भी एक पीढ़ी लग जाएगी, आदर्श स्तर की तो बात ही छोड़ दीजिए।' वित्त मंत्री ने कहा, 'जब देश के वित्त की बात आती है, जब केंद्र सरकार या राज्यों के वित्त की बात आती है, तो इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।' सीतारमण ने जीएसटी परिषद में विचार-विमर्श का उदाहरण देते हुए कहा कि पार्टी लाइन से परे राज्यों के वित्त मंत्री आम आदमी पर बोझ न पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए राजस्व बढ़ाने पर निर्णय लेते हैं। उन्होंने कहा, 'इसीलिए, जब आप राजस्व की बात करते हैं, तो....इसके लिए हमें जिम्मेदार होना चाहिए।' सीतारमण ने प्रति व्यक्ति आय के संबंध में आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि शीर्ष 14 राज्य तेजी से काम कर रहे हैं, लेकिन उनमें से कुछ पर भारी कर्ज भी है। वित्त मंत्री ने कहा कि खासकर जब बात राज्यों की आती थी, कुछ साल पहले सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के आंकड़ों को आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया जाता था। उन्होंने कहा, 'और मुझे लगता है कि अब एमओएसपीआई एक ऐसी अवस्था में पहुंच गया है जहां आज लोग इसके आंकड़ों का सवाल नहीं उठाते हैं...।'

## मार्च में मारुति, हुंदै की बिक्री में गिरावट; टाटा मोटर्स, महिंद्रा के वाहनों की मांग बढ़ी

**नयी दिल्ली :** प्रमुख कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया और हुंदै मोटर इंडिया के भंडारण में कमी और मांग में नरमी के बीच मार्च में इन कंपनियों की थोक बिक्री में सालाना आधार पर गिरावट आई है। वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) और टाटा मोटर्स की थोक वाहन बिक्री स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) मॉडलों की मांग के दम पर बढ़ी है। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने बयान में कहा कि पिछले महीने उसने घरेलू बाजार में डीलरों को 1,50,743 यात्री वाहन भेजे, जबकि एक साल पहले इसी महीने में 1,52,718 वाहनों की बिक्री घरेलू बाजार में हुई थी। यह सालाना आधार पर एक प्रतिशत की गिरावट है। ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री पिछले महीने मामूली घटकर 11,655 इकाई



रह गई, जो मार्च, 2024 में 11,829 इकाई था। वहीं, बलेनो, डिजायर, इग्निस और स्विफ्ट जैसी 'कॉम्पैक्ट' कारों की बिक्री भी मार्च में घटकर 66,906 इकाई रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 69,844 इकाई थी। ग्रैंड विटारा, ब्रेजा, अर्टिगा और एक्सएल6 जैसे बहुद्देशीय वाहनों की बिक्री पिछले महीने बढ़कर 61,097 इकाई हो गई, जो पिछले साल मार्च में 58,436 इकाई रही थी। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की कुल घरेलू यात्री वाहन बिक्री 17,60,767 इकाई रही, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में यह 17,59,881 इकाई थी। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि कंपनी अब खुदरा बिक्री पर ध्यान केंद्रित कर रही है और भंडारण का स्तर 27 दिन तक घटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने लगातार दूसरे साल 20 लाख इकाई की वार्षिक कुल बिक्री के मील के पत्थर को पार कर लिया है। बनर्जी ने कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में 17,95,259 इकाई की अब तक की सबसे अधिक वार्षिक घरेलू बिक्री भी देखी। हुंदै मोटर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि मार्च, 2025 में उसकी घरेलू बिक्री 51,820 इकाई रही, जो पिछले साल मार्च में 53,001 इकाई रही थी।

## सोना 2,000 रुपये के उछाल के साथ 94,150 रुपये के नए रिकॉर्ड पर, चांदी टूटी

**नयी दिल्ली :** स्टॉकिस्ट और आभूषण विक्रेताओं की निरंतर लिवाली के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में 2,000 रुपये की तेजी आई और यह 94,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। यह सोने में दो माह में एक दिन का सबसे बड़ा उछाल है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 92,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। विश्लेषकों ने कहा कि शेयर बाजारों में गिरावट के बीच वैकल्पिक निवेश की मजबूत मांग के कारण विदेशी बाजारों में सोने में तेजी के कारण कारोबारी धारणा मजबूत रही। लगातार चौथे दिन मजबूती के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,000 रुपये की तेजी के साथ 93,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जो इसका अबतक का सर्वकालिक उच्चस्तर है। इससे पहले सोने का भाव 91,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की कीमत में एक दिन में सबसे अधिक उछाल 10 फरवरी को दर्ज किया गया था, जब इसमें 2,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई थी। इस साल अबतक सोने की कीमत एक जनवरी के 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम से 14,760 रुपये या 18.6 प्रतिशत बढ़ चुकी है। इस बीच, चांदी की कीमतों में तीन दिन की तेजी का सिलसिला टूट गया और मंगलवार को यह 500 रुपये घटकर 1,02,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। शुक्रवार को चांदी 1,03,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 'ईद-उल-फितर' के अवसर पर सोमवार को सर्राफा बाजार बंद रहे थे।

## न्यूज अपडेट

### वोडाफोन आइडिया का शेयर 19 प्रतिशत चढ़ा, बाजार मूल्यांकन 9,209.71 करोड़ रुपये बढ़ा

**नयी दिल्ली :** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) का शेयर मंगलवार को 19 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। उसके शेयर में यह उछाल सरकार द्वारा स्पेक्ट्रम नीलामी बकाया के बदले कंपनी के 36,950 करोड़ रुपये के शेयर खरीदने के फैसले के बाद आया है। इसके बाद सरकार की हिस्सेदारी दोगुनी से अधिक होकर 48.99 प्रतिशत हो जाएगी। बीएसई पर कंपनी का शेयर 18.94 प्रतिशत बढ़कर 8.10 रुपये पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह 25.84 प्रतिशत बढ़कर 8.57 रुपये पर पहुंच गया था। एनएसई पर कंपनी का शेयर 19.11 प्रतिशत बढ़कर 8.10 रुपये पर बंद हुए। कारोबार के दौरान कंपनी का शेयर 25.88 प्रतिशत बढ़कर 8.56 रुपये पर पहुंच गया था।

### मार्च में यूपीआई के जरिये रिकॉर्ड 24.77 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन हुए

**नयी दिल्ली :** लोकप्रिय भुगतान प्रणाली यूपीआई के जरिये मार्च में रिकॉर्ड 24.77 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन किए गए जो फरवरी की तुलना में 12.7 प्रतिशत अधिक है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई। फरवरी, 2025 के दौरान यूपीआई के जरिये 21.96 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन हुए थे। एनपीसीआई ने कहा कि यूपीआई से लेनदेन का मूल्य मार्च में 24.77 लाख करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले के समान महीने में 19.78 लाख करोड़ रुपये था। स्पाइस मनी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दिलीप मोदी ने बयान में कहा कि मार्च में यूपीआई लेनदेन का मूल्य एक साल पहले के मुकाबले 25 प्रतिशत की प्रभावी वृद्धि को दर्शाता है। पिछले महीने प्रतिदिन औसतन 79,903 करोड़ रुपये का यूपीआई लेनदेन हुआ।

### कर्नाटक में डीजल दो रुपये महंगा होगा, सरकार ने बढ़ाया बिक्री कर

**बेंगलुरु :** कर्नाटक सरकार ने मंगलवार से डीजल पर बिक्री कर बढ़ाकर 21.17 प्रतिशत कर दिया है। इससे राज्य में डीजल का मूल्य दो रुपये प्रति लीटर बढ़कर 91.02 रुपये हो जाएगा। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि चार नवंबर, 2021 से पहले कर्नाटक में डीजल पर बिक्री कर की दर 24 प्रतिशत थी और प्रति लीटर बिक्री मूल्य 92.03 रुपये था। पिछले साल 15 जून को कर्नाटक सरकार ने डीजल पर कर की दर घटाकर 18.44 प्रतिशत करने की अधिसूचना जारी की। बयान के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद, एक अप्रैल, 2025 से डीजल पर बिक्री कर की दर बढ़ाकर 21.17 प्रतिशत कर दी गई है। इसके परिणामस्वरूप, प्रति लीटर दो रुपये की वृद्धि होगी, जिससे बिक्री मूल्य 91.02 रुपये हो जाएगा। हालांकि, इस वृद्धि के बाद भी राज्य में संशोधित बिक्री मूल्य पड़ोसी राज्यों की तुलना में कम रहेगा। बयान में कहा गया है कि 31 मार्च, 2025 तक बेंगलुरु में डीजल की कीमत 89.02 रुपये, जबकि होसुर (तमिलनाडु) में यह 94.42 रुपये, कासरगोड (केरल) में 95.66 रुपये, अनाथपुरा (आंध्र प्रदेश) में 97.35 रुपये, हैदराबाद (तेलंगाना) में 95.70 रुपये और कागल (महाराष्ट्र) में 91.07 रुपये है।

### दो हजार रुपये के 98.21 प्रतिशत नोट लौटे: रिजर्व बैंक

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को कहा कि 2000 रुपये के 98.21 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं और केवल 6,366 करोड़ रुपये मूल्य के ऐसे नोट अब भी जनता के पास हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। आरबीआई ने कहा कि प्रचलन में 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 19 मई, 2023 को कारोबार बंद होने पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। अब 31 मार्च, 2025 को कारोबार बंद होने पर इनका कुल मूल्य घटकर 6,366 करोड़ रुपये रह जाएगा। आरबीआई ने बयान में कहा, इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपये के बैंक नोटों में से 98.21 प्रतिशत वापस आ चुके हैं। दो हजार रुपये के बैंक नोट जमा करने और/या बदलने की सुविधा सात अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। हालांकि, यह सुविधा अब भी रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है।

### बीते वित्त वर्ष में बिके 13 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहन : सरकार

**नयी दिल्ली :** बीते वित्त वर्ष (2024-25) में भारत में 13 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहन बेचे गए। भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा मंगलवार को साझा किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। मंत्रालय ने कहा कि कुल मिलाकर, भारत का ई-परिवहन क्षेत्र सहायक नीतियों से प्रेरित होकर महत्वपूर्ण वृद्धि के लिए तैयार है। आधिकारिक बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 11,49,334 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बेचे गए, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 9,48,561 इकाई के आंकड़े की तुलना में 21 प्रतिशत की वृद्धि है।

वर्ष 10, पूर्णांक 4194 अंक 004, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in